
दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



दीपावली पर जगमगाएं खुशियां......

अलग तरह की दिवाली......

वर्ष : 11 | अंक : 298 | लखनऊ, 18 अक्टूबर, शनिवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


# कांग्रेस-सपा पर जमकर बरसे योगी आदित्यनाथ

## 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' बनाम 'फूट डालो, राज करो'

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। सरदार वल्लभभाई पटेल के 150वीं जयंती समारोह अभियान को लेकर शुक्रवार को हुई प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, सपा और आइएनडीआइए गठबंधन अंग्रेजों की फूट डालो-राज करो नीति को आज भी अपनाए हुए हैं। ये दल समाज में जाति, पंथ और मजहब के आधार पर फूट डालने का काम कर रहे हैं ताकि देश की एकता और अखंडता कमजोर हो। हमारा संकल्प एक भारत-श्रेष्ठ भारत का है।

अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यशाला में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक जो भारत एकजुट दिखता है, वह सरदार पटेल की देन है। उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्ष से हर वर्ष 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। विपक्ष जब समाज को बांटने की राजनीति कर रहा है, तब भाजपा की जिम्मेदारी है कि एकता और अखंडता के संदेश को हर गांव और हर विधान सभा क्षेत्र तक पहुंचाया जाए।

मुख्यमंत्री ने बताया कि 31 अक्टूबर को 'रन फार यूनिटी' का आयोजन पूरे प्रदेश में होगा। इसके बाद एक नवंबर से 26 नवंबर तक हर विधान सभा क्षेत्र में आठ से 10 किलोमीटर लंबी 'एकता पदयात्रा' निकाली जाएगी। इसमें सेना के रिटायर्ड जवान, अन्नदाता, श्रमिक, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड सभी को जोड़ा जाएगा। हर दो किलोमीटर पर पड़ाव होगा, जहां समाज से संवाद कायम करते हुए एकता का संदेश दिया जाएगा।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि आज हमारा देश सांस्कृतिक रूप से हर दृष्टि से एकजुट और समर्पित होकर पटेल के सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। अभियान का उद्देश्य वर्तमान भारत के युवाओं में एकता, देशभक्ति व जिम्मेदार नागरिक की भावना जगाना है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि आमजन को सरदार पटेल के जीवन चरित्र से अवगत कराने के लिए संगठन ने कार्यक्रमों की वृहद रूपरेखा तैयार की है। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रत्येक जिले से पांच प्रतिनिधि गुजरात के करमसद जाएंगे और सरदार वल्लभ भाई पटेल मे जन्म स्थान से प्रारंभ होने वाली यात्रा में शामिल होंगे।

## ईद मिलन के कार्यक्रम देखे थे अब दीपावली परिवार मिलन देखना अत्यंत प्रासंगिकः योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उन्होंने ईद मिलन के कई कार्यक्रम देखे थे लेकिन, दीपावली मिलन पहली बार देख रहा हूं। 2014 से पहले देश में और 2017 से पहले प्रदेश के राजभवन व मुख्यमंत्री आवास पर ईद मिलन और इफ्तार पार्टियां ही होती थीं। संघ का ऐसा दीपावली मिलन अत्यंत प्रासंगिक है, क्योंकि देश की सुरक्षा, समृद्धि व आत्मनिर्भरता के लिए सामाजिक एकता जरूरी है, जब एक संस्कृति, एक संकल्प व एक दृष्टि होगी तभी एकता को बढ़ा सकेंगे। सिटी मांटेसरी स्कूल गोमती नगर विस्तार में शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के दीपोत्सव परिवार मिलन में मुख्यमंत्री ने कहा, उत्सव धीरे धीरे परिवार तक सीमित होते जा रहे। सनातन धर्म में युगांतरकारी घटना को ही प्रतीक रूप में त्योहार मनाने की परंपरा रही है। त्योहार से पूरे समाज को जुड़ना चाहिए।

# दिवाली से पहले दिल्ली-यूपी में मिलावटखोरों पर बड़ा प्रहार !

## करोड़ों की नकली मिठाई जब्त, सेहत से खिलवाड़ भारी पड़ेगा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, दिल्ली पुलिस ने बृहस्पतिवार को पश्चिमी दिल्ली के रघुबीर नगर इलाके में छापेमारी कर 2,000 से 2,500 किलोग्राम तक मिलावटी दूध से बनीं मिठाइयां जब्त कीं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह कार्रवाई क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मिलावटी खाद्य पदार्थों के उत्पादन की सूचना मिलने के बाद की गई। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, ''भारी मात्रा में मिलावटी दूध से बनी मिठाइयों के डिब्बे बरामद किए गए।

जब्त किए गए उत्पाद की आपूर्ति त्योहारों से पहले शहर की विभिन्न मिठाई की दुकानों में की जानी थी।'' अधिकारी ने बताया कि जब्त की गई मिठाइयों के नमूने प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे गए हैं ताकि मिलावट की प्रकृति और सीमा का पता लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि जिस परिसर में मिठाइयां बनाई जा रही थीं उसे सील कर दिया गया है और जिम्मेदार लोगों की तलाश जारी है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश सरकार ने दिवाली और छठ पूजा से पहले खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू की है और राज्य भर में लगभग 4.76 करोड़ रुपये मूल्य के 3,394 क्विंटल से ज्यादा मिलावटी खाद्य उत्पाद जब्त किए हैं। यह कार्रवाई त्योहारी सीजन के दौरान जन स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे एक विशेष अभियान के तहत की गई है। उत्तर प्रदेश सरकार ने दिवाली और छठ पूजा से पहले खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू की है और राज्य भर में लगभग 4.76 करोड़ रुपये मूल्य के 3,394 क्विंटल से अधिक मिलावटी खाद्य उत्पाद जब्त किए हैं। यह कार्रवाई त्योहारी सीजन के दौरान जन स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे एक विशेष अभियान के तहत की गई है।'

### मौसम

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

### बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफटी 25,062.10

# ऋषिकेश में निर्माणाधीन बजरंग पुल से दिल्ली निवासी युवक गंगा में गिरा, लापता


एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, ऋषिकेश में प्राचीन लक्ष्मण झूला पुल के समानांतर बनाए जा रहे पारदर्शी कांच के फर्श वाले बजरंग सेतु से नयी दिल्ली का रहने वाला एक युवक गंगा नदी में गिरकर लापता हो गया। यहां राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) के प्रभारी निरीक्षक कवींद्र सजवाण ने शुक्रवार को बताया कि दुर्घटना बृहस्पतिवार सवा दस बजे हुई जब हौज खास निवासी 31 वर्षीय हेमंत सोनी निमार्णाधीन पुल से गंगा नदी में जा गिरा। सजवाण ने बताया कि सोनी के दो साथियों–अमित सोनी और अक्षत सेठ ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी जिसके बाद रात में ही लापता की खोजबीन का काम शुरू कर दिया गया। हालांकि, उन्होंने कहा कि अभी तक हेमंत सोनी का पता नहीं चल पाया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जनसुरक्षा की दृष्टि से पुल के दोनों छोरों पर आवागमन बंद रखने की उचित व्यवस्था थी लेकिन ये तीनों लोग उसे लांघ कर पुल पर चले गए। उन्होंने बताया कि पुल के फर्श पर पारदर्शी कांच की प्लेटें बिछाए जाने का काम चल रहा था और रात में यह पता लगाना मुश्किल होता है कि अगले कदम के बाद कांच की पारदर्शी प्लेट बिछी हुई हैं या नहीं। सजवाण ने कहा कि संभवतः हेमंत सोनी से रात में यही चूक हो गई होगी और जहां फर्श पर पारदर्शी कांच की प्लेट नहीं लगी थी, उसी जगह से गंगा में गिरने से वह हादसे का शिकार हो गया होगा।

# अब भारत से कोई दादागिरी नहीं कर सकता : राजनाथ सिंह

## दुनिया सुनती है हमारी बात

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज अपने संसदीय क्षेत्र लखलऊ में है। राजनाथ सिंह ने वहां एक बड़ा बयान दिया है। राजनाथ सिंह ने दम भरते हुए कहा कि आज, जब भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बोलता है, तो दुनिया ध्यान से सुनती है कि भारत क्या कह रहा है। अब भारत के साथ कोई दादागिरी नहीं कर सकता' और मुझे लगता है कि दुनिया का कोई भी देश ऐसी गलतफहमी नहीं पालेगा। इससे पहले राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को घोषणा की कि भारत का रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 25,000 करोड़ रुपये के स्तर को छू गया है, जो कुछ साल पहले के 1,000 करोड़ रुपये से एक बड़ी छलांग है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार ने अब 2029 तक घरेलू रक्षा विनिर्माण में 3 लाख करोड़ रुपये और रक्षा निर्यात में 50,000 करोड़ रुपये हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। पर साझा की गई एक पोस्ट में, फटड इंडिया ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हवाले से कहा कि हमारा रक्षा निर्यात, जो पहले 1,000 करोड़ रुपये से कम हुआ करता था, अब रिकॉर्ड 25,000 करोड़ रुपये तक पहुँच गया है। हमने अब 2029 तक घरेलू रक्षा विनिर्माण में 3 लाख करोड़ रुपये और रक्षा निर्यात में 50,000 करोड़ रुपये हासिल करने का लक्ष्य रखा है।

इस बीच, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता में इसके बढ़ते योगदान के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की सराहना की, क्योंकि उन्होंने तेजस एमके 1 ए की पहली उड़ान में भाग लिया और एचएएल के नासिक परिसर में नई विमान उत्पादन लाइनों का उद्घाटन किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए, रक्षा मंत्री ने कहा कि यह नासिक स्थित उनके संयंत्र का पहला दौरा था और उन्होंने वहाँ कार्यरत लोगों के उत्साह की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, एचएएल के नासिक परिसर का दौरा करने का यह मेरा पहला अवसर है और मैं यहाँ कार्यरत सभी लोगों के चेहरों पर उत्साह और गर्व देख सकता हूँ। मैं एलसीए एमके1ए और एसयू-30 विमान उड़ाने वाले पायलटों को अपनी शुभकामनाएँ देता हूँ।

सिंह ने तेजस एमके1ए के लिए एचएएल की तीसरी उत्पादन लाइन और एचटीटी-40 विमान के लिए दूसरी उत्पादन लाइन का उद्घाटन किया। सिंह ने आगे कहा, आज एमके1ए के लिए एचएएल की तीसरी उत्पादन लाइन और एचटीटी-40 विमान के लिए दूसरी उत्पादन लाइन का उद्घाटन है। इस अवसर पर सभी को बधाई।

### संक्षिप्त समाचार

## मोदी ने पंजाब के मुख्यमंत्री को जन्मदिन की बधाई दी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को शुक्रवार को जन्मदिन की बधाई दी और उनके दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान जी को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं। ईश्वर उन्हें दीघार्यु और स्वस्थ जीवन प्रदान करे।''

## दिल्ली के स्कूल में बम की धमकी झूठी निकली, छात्र ने परीक्षा से बचने के लिए भेजा था ईमेलः पुलिस

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, बाहरी दिल्ली के एक निजी स्कूल को भेजा गया बम की धमकी वाला ई-मेल फर्जी निकला जिसे परीक्षा से बचने के लिए एक छात्र ने भेजा था। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, पश्चिम विहार पूर्व पुलिस थाने को बृहस्पतिवार को पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। कॉल में विशाल भारती पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य ने बताया कि उन्हें एक ई-मेल मिला है, जिसमें परिसर में बम होने का दावा किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'कई टीमें स्कूल पहुंचीं और बम धमकी संबधी प्रोटोकॉल लागू किए गए। भवन को खाली कराया गया और बम निरोधक दस्ते, श्वान दस्ता और अग्निशमन दल की टीमों को जांच के लिए बुलाया गया।' उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने पर धमकी को फर्जी घोषित किया गया। मामला दर्ज किया गया और जांच के दौरान साइबर टीम ने फर्जी ई-मेल को भेजने वाले के स्त्रोत का पता लगाने के दौरान एक नाबालिग छात्र का पता लगाया।

# उच्चतम न्यायालय ने देश में डिजिटल अरेस्ट की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई, केंद्र का जवाब मांगा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा के अंबाला में अदालत और जांच एजेंसियों के फर्जी आदेशों के आधार पर एक बुजुर्ग दंपति को डिजिटल अरेस्ट कर उनसे 1.05 करोड़ रुपये की उगाही की घटना को शुक्रवार को गंभीरता से लिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने देश भर में डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई और 73 वर्षीय महिला द्वारा भारत के प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई को लिखे पत्र पर स्वतः संज्ञान लेते हुए दर्ज किए गए मामले में केंद्र और सीबीआई से जवाब मांगा। पीठ ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों सहित निर्दोष लोगों को डिजिटल अरेस्ट करने के लिए उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालय के आदेशों और न्यायाधीशों के हस्ताक्षरों की जालसाजी करना न्यायिक संस्थाओं में लोगों के विश्वास और आस्था पर कुठाराघात है। डिजिटल अरेस्ट ऑनलाइन धोखाधड़ी है, जिसमें जालसाज खुद को फर्जी तरीके से किसी सरकारी एजेंसी या पुलिस का अधिकारी बताकर लोगों पर कानून तोड़ने का आरोप लगाते हुए उन्हें धमकाते हैं और गलत तरह से धन वसूली की कोशिश करते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा, न्यायाधीशों के जाली हस्ताक्षरों वाले न्यायिक आदेश तैयार करना, कानून के शासन के अलावा न्यायिक व्यवस्था में जनता के विश्वास की नींव पर कुठाराघात करता है। इस तरह की कार्रवाई संस्था की गरिमा पर सीधा हमला है। पीठ ने कहा कि इस तरह के गंभीर आपराधिक कृत्य को धोखाधड़ी या साइबर अपराध के सामान्य या एकल अपराध के रूप में नहीं माना जा सकता। पीठ ने कहा, हम इस तथ्य का न्यायिक संज्ञान लेने के लिए भी इच्छुक हैं कि यह मामला एकमात्र मामला नहीं है। मीडिया में कई बार ये खबरें आई हैं कि देश के विभिन्न हिस्सों में ऐसे अपराध हुए हैं।

# राष्ट्रपति मुर्मू 22 अक्टूबर को सबरीमला के दर्शन करेंगी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 22 अक्टूबर को सबरीमला मंदिर के दर्शन करेंगी। वह केरल पुलिस के वाहन से पहाड़ी पर स्थित इस तीर्थस्थल तक जाएंगी। सबरीमला के विशेष आयुक्त ने केरल उच्च न्यायालय को यह जानकारी दी, जिसने बृहस्पतिवार को मंदिर में वीवीआईपी काफिले की आवाजाही की अनुमति दे दी। अदालत ने त्रावणकोर देवस्वओम बोर्ड (टीडीबी) को राष्ट्रपति के दौरे के मद्देनजर भीड़ प्रबंधन की व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। विशेष आयुक्त के अनुसार, केरल पुलिस के पांच चार-पहिया वाहन राष्ट्रपति के काफिले का हिस्सा होंगे, जिनके साथ एक एम्बुलेंस भी होगी। यह काफिला 4.5 किलोमीटर लंबे स्वामी अय्यप्पन मार्ग और सन्निधानम तक के पारंपरिक मार्ग पर जाएगा। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि व्यवस्थाएं वीवीआईपी सुरक्षा के लिए 'ब्लू बुक' प्रोटोकॉल के अनुरूप होनी चाहिए। पथनमथिट्टा के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा की तैयारियां की जा रही हैं। पारंपरिक रूप से श्रद्धालु पैदल या डोलियों (पालकी) में बैठकर मंदिर जाने के लिए चढ़ाई करते हैं।

# राहुल गांधी ने जुबीन गर्ग को दी श्रद्धांजलि

## सिंगापुर घटना पर चाहिए पारदर्शिता और न्याय

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने असम के कामरूप जिले में गायक जुबीन गर्ग की समाधि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद राहुल गांधी ने कहा कि मैंने परिवार से कहा कि मैं बेहतर परिस्थितियों और खुशहाल परिस्थितियों में आना पसंद करता। जब मैं 17 साल का था, तब मैं सिक्किम में पर्वतारोहण का कोर्स करने गया था। और हर दिन जब हम प्रशिक्षण के लिए जाते थे, तो मैं अपने सामने कंचनजंगा पर्वत को देखता था। और मुझे उस पर्वत की सबसे अच्छी बात यह लगी कि वह ईमानदार, पारदर्शी, अडिग और सुंदर था। राहुल गांधी ने आगे कहा कि आज, जब मैं आ रहा था, गौरव ने बताया कि जुबीन जी ने कहा था कि वह कंचनजंगा हैं, और मुझे तुरंत एहसास हुआ कि वह कंचनजंगा ही हैं क्योंकि उनमें कंचनजंगा के गुण थे... यह एक त्रासदी है जिसका सामना पूरे राज्य ने किया है। मैंने परिवार से बात की, और उन्होंने मुझसे बस एक ही बात कहीः हमने अपने जुबीन को खो दिया है और हम बस यही चाहते हैं कि सच्चाई सामने आए... सरकार का कर्तव्य है कि जो कुछ हुआ है उसकी तुरंत जाँच करे, पारदर्शी तरीके से जाँच करे, और परिवार को बताए कि सिंगापुर में क्या हुआ था। यह पूछे जाने पर कि क्या वह दिवंगत गायक जुबीन गर्ग के लिए भारत रत्न की मांग करेंगे, विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, मैं विषय से भटकना नहीं चाहता। मैं चर्चा को संवेदना व्यक्त करने और असम के लोगों को यह बताने से नहीं भटकाना चाहता कि हम जुबीन गर्ग से प्यार करते हैं। हम उन्हें सम्मान देना चाहते हैं। लेकिन सबसे पहले, हम पारदर्शिता और न्याय चाहते हैं। सिंगापुर में जो हुआ, असम में हर किसी को यह पता होना चाहिए। और यह जितनी जल्दी हो, उतना ही बेहतर है।

# अमित शाह का राजद पर हमलाः 15 साल के जंगलराज ने बिहार को आधी सदी पीछे धकेला

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को बिहार विधानसभा चुनाव में दिवंगत अपराधी शहाबुद्दीन के बेटे को टिकट देने पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की कड़ी आलोचना की। सारण में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, शाह ने कहा कि बिहार को सुरक्षित रखने के लिए मोदी-नीतीश की जोड़ी को फिर से सत्ता में लाना होगा। शाह ने कहा कि मैंने राजद-राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवारों की सूची देखी है, और उसमें शहाबुद्दीन के बेटे का नाम भी है। अगर राजद शहाबुद्दीन के बेटे को चुनाव का टिकट दे दे, तो क्या बिहार सुरक्षित रह सकता है? अगर हमें बिहार को सुरक्षित रखना है, तो हमें मोदी-नीतीश की जोड़ी को फिर से लाना होगा।

राजद ने आगामी चुनावों के लिए शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब को सीवान के रघुनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है। उन्होंने आगे कहा कि एनडीए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहा है। अमित शाह ने कहा, ₹बिहार में हम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश का नेतृत्व कर रहे हैं।₹ शाह ने राजद सुप्रीमो और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि लालू-राबड़ी के 15 साल के 'जंगल राज' ने बिहार को लगभग आधी सदी पीछे धकेल दिया। उन्होंने आगे कहा कि इसी दौरान बिहार ने अपनी गरिमा, वैभव और उत्कृष्टता खो दी।

शाह ने तेजस्वी यादव पर परोक्ष हमला करते हुए कहा कि वही जंगल राज आज बिहार की जनता के सामने है, नए चेहरों के साथ और वोट मांगते हुए। बिहार के पटना में बुद्धिजीवियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए, शाह ने कहा, वह कौन सा युग था, जिसमें बिहार एक बीमारू राज्य बन गया। सिर्फ.15 साल के जंगल राज में ही बिहार ने अपना गौरव, धन और ज्ञान खो दिया। जंगल राज के 15 साल के दौर में बिहार ने अपनी गरिमा, वैभव और हर तरह की उत्कृष्टता खो दी। कल्पना कीजिए कि वे 15 साल कैसे रहे होंगे... वह दौर जिसमें बिहार की प्रतिष्ठा गिर गई... उन्होंने आगे आरोप लगाया कि आजादी के बाद बिहार में स्थापित उद्योग लालू यादव के जंगल राज के कारण राज्य से चले गए।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, जब वे (लालू यादव) भ्रष्टाचार के मामले में जेल से बाहर आए और हाथी पर जुलूस निकाला गया, तो हमें इस तरह की बेशर्मी समझ नहीं आई... आजादी के समय बिहार में जो उद्योग स्थापित हुए थे, वे धीरे-धीरे बिहार छोड़ने लगे... उस 15 साल के शासन ने बिहार को लगभग आधी सदी पीछे धकेल दिया। वही 'जंगल राज' आज नए चेहरों के साथ बिहार की जनता के सामने है। इस बार बिहार में सिर्फ.दो चरणों में विधानसभा चुनाव होने के बीच, शाह ने महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा, मैं लालू और राहुल कंपनी से पूछना चाहता हूँ कि पहले बिहार में 6 चरणों में चुनाव होते थे, जबकि अब सिर्फ.2 चरणों में चुनाव हो रहे हैं।

# सुरक्षित नागरिक, सुरक्षित समाज, सतर्कता ही सबसे बड़ा अपना हथियार

## मिशन शक्ति 5.0 व विशिष्ट महिला त्रैमासिक अभियान

### काकोरी के मुजफ्फरनगर पलिया में हुआ भव्य आयोजन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।अपराध और अपराधियों से बचाव केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है,बल्कि हर नागरिक की सजगता और बच्चों को अच्छे संस्कार देना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।यदि हम परिवार और समाज दोनों स्तर पर सतर्क रहें तो अपराधों को जड़ से कम किया जा सकता है।

#### घरेलू और सामाजिक सुरक्षा पर चर्चा

घर में सीसीटीवी कैमरे लगाएँ और आसपास की गतिविधियों पर नजर रखें।घरेलू नौकर,माली,ड्राइवर आदि का पुलिस सत्यापन अवश्य कराएँ।नौकरों या बाहरी लोगों के सामने पैसे या जेवरात की चर्चा न करें।कई दिनों के लिए बाहर जाना हो तो अखबार,दूध वाले को पहले से मना कर दें।घर से बाहर जाते समय कीमती जेवर और नकदी घर में न रखें,बैंक लॉकर का उपयोग करें।

#### यात्रा और अपनी दिनचर्या में सावधानी बरतें

ज्यादा नकदी लेकर चलते समय सतर्क रहें।महिलाएँ सुबह टहलने या सफर करते समय चेन,मंगलसूत्र और गहनों को ढककर पहनें ताकि स्नैचिंग से बचा जा सके।ट्रेन या बस में सफर करते समय अनजान व्यक्ति से कुछ न लें।रात में सुनसान रास्तों से बचें और कैब/टैक्सी का नंबर परिजनों को भेजें।मन्दिर,मेले भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सतर्क रहें, अपने नगदी,जेवर आदि को सुरक्षित रखें,छोटे बच्चों का विशेष ध्यान दें।अपनी कॉलोनी/गाँव/मोहल्ले आदि में संदिग्ध बाहरी व्यक्ति की सूचना तत्काल अपने निकटतम थाने या पुलिस कंट्रोल रूम को दें

#### महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के प्रति जागरूक करें

छोटे बच्चों और लड़कियों को यौन अपराधों के बारे में जागरूक करें और उनसे खुलकर बात करें।छेड़खानी,पीछा करने या किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत पुलिस को सूचना दें।स्कूल-कॉलेज जाने वाली लड़कियों को आत्मरक्षा के छोटे उपाय सिखाएँ।युवाओं को सही दिशा परिवार के बच्चों,खासकर किशोर और युवाओं को यह सिखाएँ कि लड़कियों की इज्जत करना उनका कर्तव्य है।उन्हें बताएं कि छेड़खानी,मारपीट,नशे की लत और




अवैध हथियार रखना अपराध है।ऐसे अपराधों के कानूनी परिणाम और सजा समझाएँ,ताकि वे गलत रास्ते पर न जाएँ।परिवार और स्कूल दोनों स्तर पर बच्चों को नैतिक शिक्षा और अच्छे संस्कार दें।

#### साइबर सुरक्षा अनजान कॉल, लिंक और ईमेल से बचें

ओटीपी,पासवर्ड और बैंक डिटेल्स किसी से साझा न करें।सोशल मीडिया पर निजी जानकारी और लोकेशन साझा करने से बचें।बच्चों और युवाओं को इंटरनेट के दुरुपयोग और साइबर अपराधों के दुष्परिणाम समझाएँ।

शुक्रवार को मिशन शक्ति अभियान 5.0 व विशिष्ट महिला बीट त्रैमासिक अभियान के अंतर्गत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतीश चंद्र राठौर के निर्देशन मे महिला उपनिरीक्षक दिनेश कुमारी की मिशन शक्ति टीम में चौकी प्रभारी शैलेंद्र गुप्ता और एंटीरोमियो टीम प्रभारी उपनिरीक्षक आकांक्षा सिंह,नवीन यादव,अजय यादव,अरविंद सोनकर व महिला आरक्षी ट्विंकल आदि ने ग्राम प्रधान मुजफ्फरनगर पलिया एवं प्रधान संघ अध्यक्ष आनन्द यादव के द्वारा बेसिक विद्यालय मुजफर नगर,चौधरी खेड़ा थाना काकोरी में जाकर वहाँ उपस्थित बालिकाओ और महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान के बारे में जागरूक करते हुए उक्त सुझाव दिए।साथ ही थाने में नवनिर्मित मिशन शक्ति केंद्र के बारे में बताया गया तथा उससे मिलने वाली सेवाओं के बारे में भी बताया गया।महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 1930, 1076,112 ,102,108,181 आदि के बारे में भी विस्तृत जानकारी देते हुए आपातकालीन तैयारी के लिए अपने स्थानीय थाने,बीट दरोगा और सिपाहियों के नंबर भी पास में रखने के सुझाव दिए गए।

#### कार्यक्रम के निष्कर्ष पर प्रधान ने दिए सुझाव

ग्राम प्रधान आनन्द यादव ने कहा कि सुरक्षित समाज तभी बन सकता है जब नागरिक न केवल खुद सतर्क रहें,बल्कि अपने बच्चों और युवाओं को भी सही दिशा दें। नशा, हिंसा, छेड़खानी और अवैध शस्त्र अपराध हैं और कानून इन पर कठोर सजा देता है।यदि हर परिवार अपने बच्चों को सम्मान,संस्कार और जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाए तो अपराध की जड़ ही सूख जाएगी।इस अवसर ग्राम पंचायत अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह मौर्य,क्षेत्रीय लेखपाल कुलदीप कुमार वर्मा,ग्रामीण पत्रकार कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष एवं सहकारी संघ लिमिटेड के चेयरमैन केशरी राव धारा सिंह यादव सहित आदि सम्मानित लोग एवं विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### जीआरपी ने बना दी 'हैप्पी दीवाली', खोए मोबाइल मिले तो खिल उठे मालिकों के चेहरे

लखनऊ। जीआरपी ने 350 लोगों को उनके खोए हुए मोबाइल वापस करा उनकी दीपावली को और भी खास बना दिया। मोबाइल पाने वाले लोगों ने एसपी जीआरपी रोहित मिश्रा व उनकी टीम को धन्यवाद दिया। एसपी जीआरपी रोहित मिश्रा ने बताया कि एक वर्ष में 13 जिलों के रेलवे स्टेशन पर 550 से ज्यादा मोबाइल खोए थे। उन सभी के डाटा को कलेक्ट कर सर्विलांस पर लगाया गया था। बीते एक महीने में छह राज्यों- उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली समेत अन्य के 350 से ज्यादा मोबाइल बरामद कर लिए गए हैं। इसके बाद उनके मालिकों को तलाश कर संपर्क किया गया और शुक्रवार को मोबाइल वापस देने के लिए बुलाया गया था। लखीमपुर खीरी निवासी उर्वशी मिश्रा पहुंचीं और बताया कि उन्होंने किस्तों पर मोबाइल लिया था, जिसकी हर महीने ढाई हजार रुपये की किस्त जाती थी। छह महीने पहले 26 अप्रैल को परिवार के साथ बाहर जा रही थीं, तभी ट्रेन में मोबाइल खो गया था। उन्होंने गुमशुदगी दर्ज कराई थी, लेकिन मोबाइल मिलने की उम्मीद नहीं थी।

### योगी सरकार ने नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए शुरू की 'जागरूकता चौपाल'

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का मिशन शक्ति 5.0 अभियान नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की दिशा में नया इतिहास रच रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 17 अक्टूबर से 3 नवंबर 2025 तक प्रदेश की हर ग्राम पंचायत में 'जागरूकता चौपाल' कार्यक्रमों का आयोजन शुरू हो गया है।इन चौपालों का उद्देश्य दहेज प्रथा और घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जन-जागरूकता फैलाना और महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराना है।योगी सरकार की यह पहल न केवल नारी सशक्तीकरण को बढ़ावा दे रही है, बल्कि ग्रामीण समाज में समानता और संवेदनशीलता की संस्कृति को मजबूत कर रही है।मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरूकता चौपालें दहेज उन्मूलन और घरेलू हिंसा की रोकथाम पर केंद्रित हैं।इन चौपालों में महिलाओं, किशोरियों, पुरुषों और समुदाय के प्रतिनिधियों को दहेज और घरेलू हिंसा के सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी जा रही है। विशेषज्ञ वक्ता और विभागीय अधिकारी 'घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005' और 'दहेज निषेध अधिनियम, 1961' को सरल भाषा में समझा रहे हैं।महिलाओं को बताया जा रहा है कि वे किसी भी हिंसा को सहन न करें, बल्कि महिला हेल्पलाइन 181 और वन स्टॉप सेंटर्स के जरिए त्वरित सहायता प्राप्त करें। इन चौपालों में स्थानीय पुलिस, आशा बहुएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम प्रधान और स्वयंसेवी संस्थाएं सक्रिय भागीदारी कर रही हैं। महिलाएं और किशोरियां अपने अनुभव साझा कर रही हैं, जिससे सामुदायिक सहानुभूति का माहौल बन रहा है।

# सपा ने एमएलसी चुनाव में सभी सीटों पर घोषित किए प्रत्याशी, सामाजिक समीकरणों का रखा गया ध्यान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। शिक्षक एवं स्नातक विधान परिषद सदस्य के चुनावों के लिए प्रत्याशी घोषित करने में सपा ने अन्य दलों से बढ़त बना ली है।पार्टी ने अगले साल रिक्त होने जा रही सभी 11 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए हैं।पार्टी ने 10 सीटों पर पहले ही उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए थे। इसके बाद शुक्रवार को शिक्षक एमएलसी के लखनऊ खंड के लिए सुशील कुमार पटेल को टिकट देने की घोषणा कर दी गई। प्रदेश में अगले वर्ष के अंत में विधान परिषद में शिक्षक कोटे की छह और स्नातक कोटे की पांच सीटें रिक्त होने जा रही हैं।इनके लिए वर्तमान में मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का काम चल रहा है।सपा ने पिछले सप्ताह इसके लिए प्रत्याशियों की घोषणा की शुरूआत कर दी थी। पहले पांच सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए गए थे। इसके बाद एक-एक, दो-दो करके अब सभी सीटों पर उम्मीदवारों के नाम स्पष्ट कर दिए हैं। इनमें शिक्षक एमएलसी के लिए वाराणसी-मीरजापुर खंड से लाल बिहारी यादव, गोरखपुर-फैजाबाद खंड से कमलेश, मेरठ-गाजियाबाद खंड से नितिन कुमार तोमर, आगरा-अलीगढ़ खंड से डा. प्रकाश चंद्र गुप्ता और बरेली-मुरादाबाद खंड से हाजी मोहम्मद दानिश अख्तर प्रत्याशी हैं। वहीं, स्नातक एमएलसी के लिए इलाहाबाद-झांसी खंड से डा. मान सिंह, वाराणसी-मीरजापुर से आशुतोष सिन्हा, लखनऊ खंड से कांति सिंह, मेरठ-सहारनपुर खंड से प्रमेंद्र भाटी, आगरा खंड से शशांक यादव और लखनऊ खंड से सुशील कुमार पटेल प्रत्याशी हैं।

# एकेटीयू के खाते से 120 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी में एक और गिरफ्तार, परिवार को विदेश में बसाया

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि (एकेटीयू) के बैंक खाते से 120 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में साइबर थाने की टीम ने शुक्रवार को विजय द्वारकादास पटेल को अहमदाबाद से गिरफ्तार किया। विजय ने धोखाधड़ी की रकम को कई फर्मों और जाली खातों में ट्रांसफर कराई थी फिर हवाला के जरिए नकदी अलग-अलग शहरों में भेजी थी। मामले में अन्य की जालसाजों की तलाश की जा रही है। अबतक गिरोह के 11 जालसाज गिरफ्तार हो चुके हैं।इंस्पेक्टर साइबर क्राइम थाना बृजेश कुमार यादव के मुताबिक गिरफ्तार आरोपित विजय द्वारकादास पटेल अहमदाबाद के चांदलोडिया स्थित धर्मराज सोसाइटी निवासी है। पूछताछ में उसने बताया कि वह अहमदाबाद में हवाला का काम करता है। जालसाजी की रकम विभिन्न फर्मों के खातों में आरटीजीएस कराकर अपना कमीशन लेता है। विजय ने बताया कि एकेटीयू के खाते से रकम पार करने की साजिश अहमदाबाद में ही रची गई थी।साजिश में यूपी, गुजरात और महाराष्ट्र के जालसाज शामिल थे। सभी जालसाजों की जिम्मेदारी तय कर दी गई थी।योजनाबद्ध तरीके से पूरा काम किया गया था। गिरोह में कई बड़े व्यवसायी भी शामिल थे।उसने रकम के 60 लाख रुपये नकद निकाले फिर उन्हें हवाला के जरिए आधी-आधी रकम लखनऊ व अहमदाबाद भेजी थी।मई 2024 में अहमदाबाद में फ्राड की साजिश रची गई थी। उसके बाद मीटिंग हुई। मीटिंग में उन्नाव का भोजपुरी फिल्म निदेशक राजेश बाबू, अहमदाबाद का हितेंद्र शाह, सुनील त्रिवेदी, सूरत का कपिल वसोया और अन्य लोग शामिल हुए थे।वहीं बताया गया था कि उत्तर प्रदेश में बड़ा फंड आने वाला है। इसके बाद सात जून को हितेंद्र ने विजय को सूचना दी कि लखनऊ वाला फंड क्लियर हो गया है।विजय ने एमआइ ट्रेडर्स के नाम से एसबीआइ का खाता भेजा।

# सरकारी विद्यालयों में नियमित निगरानी व काउंसलिंग पर रहेगा जोर

### शिक्षा योजनाओं की धीमी रफ्तार पर अपर मुख्य सचिव सख्त

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बेसिक और माध्यमिक शिक्षा की गुणवत्ता को ऊंचा उठाने के लिए नियमित निरीक्षण और पारदर्शी कार्यप्रणाली पर विशेष जोर दिया जाएगा। माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ाई के साथ-साथ करियर काउंसलिंग सत्र भी नियमित होंगे। समग्र शिक्षा, बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर शुक्रवार को अपर मुख्य सचिव (एसीएस) पार्थ सारथी सेन शर्मा ने प्रदेश के सभी बेसिक और माध्यमिक शिक्षा अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग की। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी अभी से शुरू की जाए, ताकि परीक्षाएं पूर्ण शुचिता, निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ हों। निर्देश दिया कि प्रोजेक्ट अलंकार के तहत चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। सहयोगी अनुदान योजना के तहत अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक और संस्कृत विद्यालयों में भौतिक सुविधाओं के सुधार का कार्य समय पर पूरा हो। इसके लिए उन्होंने सांसद और विधायक निधि से सहयोग लेने पर भी जोर दिया। साथ ही कहा कि विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। इसके लिए कौशल विकास मिशन और प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से कार्यक्रमों का विस्तार किया जाए, ताकि छात्र न केवल शिक्षित हों, बल्कि रोजगार योग्य कौशल भी विकसित कर सकें। चेतावनी दी कि किसी भी योजना में ढिलाई या अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

#### लखनऊ समेत कई बीएसए को फटकार

लखनऊ, अमरोहा और संभल जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को कई यूनिटों में खराब प्रदर्शन को लेकर फटकार पड़ी। अपर मुख्य सचिव ने नाराजगी जताते हुए कहा कि राजधानी जैसे बड़े जिले का प्रदर्शन अन्य जिलों से पीछे होना अस्वीकार्य है।समग्र शिक्षा, प्री-प्राइमरी, मिड-डे मील, बालिका शिक्षा, अधिष्ठान, गुणवत्ता यूनिट, वित्तीय प्रबंधन, सामुदायिक सहभागिता और यू-डायस पोर्टल पर डेटा अपलोडिंग जैसे बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में सामने आया कि कई जिलों में इन योजनाओं का काम उम्मीद के मुताबिक नहीं चल रहा है।

# कुछ नेताओं ने सुभासपा को किया नजरअंदाज

### ओपी राजभर ने बिहार भाजपा पर लगाए गंभीर आरोप

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष व प्रदेश सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा है कि बिहार भाजपा के कुछ प्रमुख नेताओं ने व्यक्तिगत स्वार्थ में बिहार चुनाव में पार्टी को नजरअंदाज किया। उन नेताओं का यह व्यवहार गठबंधन धर्म के खिलाफ है। बिहार की जनता के साथ अन्याय भी है। सुभासपा बिहार में जनसंपर्क जारी रखेगी और जनता के बीच जाकर सामाजिक न्याय की आवाज उठाती रहेगी।

शुक्रवार को पुरनिया चौराहा स्थित लोहिया भवन में आयोजित सुभासपा की प्रदेश स्तरीय संगठन समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए राजभर ने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि अभी तक मैं अस्वस्थ था, स्वस्थ होते ही आप लोगों के बीच आया हूं। बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी लगातार प्रत्याशियों की घोषणा कर रही है। बिहार में जनसभाओं, रैलियों, संगठन विस्तार और जनता के बीच जनसंपर्क के माध्यम से पार्टी ने मजबूत जनाधार तैयार किया है। सुभासपा का यह मानना था कि बिहार में भी एनडीए गठबंधन के साथ मिलकर एक मजबूत, स्थिर और सर्वसमावेशी सरकार बनाई जाए। एनडीए यदि सुभासपा के संगठन, कार्यकर्ताओं की निष्ठा और जनता में उनकी पकड़ का उपयोग करती तो इसका लाभ बिहार चुनाव में मिलता। मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सुभासपा संगठन को बूथ स्तर तक विस्तार देने का संकल्प लेने का आह्वान पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से किया। उन्होंने कहा कि ओम प्रकाश राजभर ने जिन सिद्धांतों को लेकर लड़ाई शुरू की है, उसमें वह सफल होंगे। जो इनकी जुबान है वही मेरी जुबान है। उन्होंने पंचायत चुनाव में पूरी मजबूती से ताकत दिखाने की बात कही। कहा कि पंचायत चुनाव में भारी जीत वर्ष 2027 विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत की तैयारी होगी। हम लोग तीसरी बार राज्य में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएंगे। कार्यक्रम का संचालन पार्टी के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता अरूण राजभर ने किया।

# भव्यता, अनुशासन और राष्ट्रभावना से गूंजा माल

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर निकला ऐतिहासिक पथ संचलन

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को नगर में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर सैकड़ों स्वयंसेवक पारंपरिक गणवेश में अनुशासनबद्ध पंक्तियों में जब क्षेत्र भ्रमण पर निकले, तो पूरा क्षेत्र देशभक्ति के गीतों, बैंड की ताल और भगवा ध्वजों की छटा से गूंज उठा।



पथ संचलन में मौजूद आरएसएस के सिपाही




पथ संचलन में मौजूद, संयोगिता सिंह चौहान

#### अपना माल बाजार से हुई शुरूआत

पथ संचलन की शुरूआत अपना माल बाजार से हुई, जहां निर्धारित समय पर स्वयंसेवक एकत्र हुए। झंडावंदन और प्रार्थना के पश्चात संचलन दल ने अनुशासनपूर्वक भ्रमण प्रारंभ किया। संचलन नगर के प्रमुख मार्गों और इलाकों से गुजरा, जहां लोगों ने जगह-जगह फूल वर्षा कर स्वागत किया।

#### महिलाओं ने बरसाए फूल, गूंजा 'भारत माता की जय'

हर चौराहे पर प्रधान संघ अध्यक्ष संयोगिता सिंह चौहान के नेतृत्व में महिलाओं ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का अभिनंदन किया। 'भारत माता की जय' के नारों और बैंड की धुनों से वातावरण में राष्ट्रभावना झलक उठी।

#### राष्ट्रसेवा का 100 वर्षों का संदेश

संचलन का उद्देश्य संघ के शताब्दी वर्ष में राष्ट्रसेवा, राष्ट्रनिर्माण और सामाजिक समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना था। शाखा प्रमुखों ने लोगों से राष्ट्रहित, सेवा और समाज में एकता के मूल्यों को अपनाने की अपील की।

#### सैकड़ों स्वयंसेवक और नागरिक बने साक्षी

इस मौके पर सांस्कृतिक गौरव संस्थान जिलाध्यक्ष संतोष सिंह, शिखा सिंह तोमर, विनय सिंह सहित सैकड़ों स्वयंसेवक, नागरिक, विद्यार्थी, व्यापारी और समाजसेवी उपस्थित रहे। पूरा आयोजन अनुशासन, उत्साह और देशभक्ति की अद्भुत मिसाल पेश करता दिखाई दिया।

# काम कराने के बाद रुपये नहीं देने का आरोप लगा ठेकेदार ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट में चार लोगों का लिखा नाम

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सहादतगंज के बावली इलाके में रहने वाले 50 वर्षीय ठेकेदार राधेश्याम प्रजापति ने शुक्रवार की शाम अपने मकान में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। उन्होंने सुसाइड नोट में चार लोगों पर काम कराने के बावजूद रुपये नहीं देने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने सुसाइड नोट कब्जे में लिया है। परिवार ने फिलहाल कोई तहरीर नहीं दी है। इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया कि राधेश्याम प्रजापति ठेका लेकर मकान बनाते थे। शुक्रवार की शाम वह अपने घर पर थे। इस बीच उन्होंने पत्नी को चाय बनाने के लिए कहा। पत्नी चाय बनाने गई तो उन्होंने अपने कमरे में बिजली के तार से पंखे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पत्नी चाय लेकर पहुंची तो कमरे के दरवाजा अंदर से बंद था। काफी आवाज देने पर दरवाजा नहीं खुला तो पत्नी ने बेटे को फोन पर सूचना दी। बेटा घर पहुंचा इसके बाद पुलिस की मदद से दरवाजा खोला गया तो उनका शव लटका हुआ था। पास मिले सुसाइड नोट में उन्होंने एसके खान, रमेश मौर्य, अनू मिश्रा और कलीम नाम के चार लोगों पर काम कराने के बावजूद रुपये नहीं देने के आरोप लगाए हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि सुसाइड नोट कब्जे में लेकर लेखनी की मिलान के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### युवक ने फंदे से लटककर दी जान

मड़ियांव में प्रधान मार्केट में दुकान के सामने कपड़े में फंदा लगाकर 41 वर्षीय अविनाश त्रिपाठी ने आत्महत्या कर ली। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा ने बताया कि अविनाश ने स्टील की रेलिंग से कपड़े का फंदा लगाकर आत्महत्या की थी। पत्नी सुनीता ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। छानबीन की जा रही है। आत्महत्या के कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सके हैं।

# उत्तर प्रदेश में मिलावटखोरों पर अब लगाया जाएगा गैंगस्टर एक्ट, योगी सरकार ने जारी किया सख्त निर्देश

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की आयुक्त रोशन जैकब ने संगठित रूप से मिलावटी खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण, वितरण या बिक्री करने वाले कारोबारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। जिन क्षेत्रों में इनके नेटवर्क सक्रिय हैं, वहां गैंगस्टर और आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई के लिए जिला मजिस्ट्रेट को संस्तुति की जाएगी।

इससे पहले वर्ष 2010-11 में भी एफएसडीए ने संगठित रूप से मिलावट का नेटवर्क चलाने वालों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की संस्तुति की थी। अब एक बार फिर मिलावटखोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। एफएसडीए के अधिकारियों के अनुसार आठ से 17 अक्टूबर तक चले विशेष अभियान में कई ऐसे नेटवर्क का पता चला है। इनकी जांच की जा रही है। गड़बड़ी मिली तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उधर आयुक्त ने कहा कि निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में कमी का पता चलने पर नोटिस दिया जाएगा।




सुधार न हुआ तो लाइसेंस निलंबित करके खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 की धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने खाद्य पदार्थ बेचने वाले सभी प्रतिष्ठानों पर फूड सेफ्टी स्टीकर अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए हैं। इस स्टीकर पर दुकान का नाम, मोबाइल नंबर, एफएसडीए का टोल फ्री नंबर और फूड सेफ्टी कनेक्ट एप का क्यूआर कोड की जानकारी भी देनी होगी। जिससे कोई भी उपभोक्ता मौके पर ही अपनी शिकायत दर्ज करा सकेगा। रोशन जैकब ने बताया कि विशेष अभियान के बाद भी खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच की कार्रवाई जारी रहेगी। अधिकारियों को अनावश्यक निरीक्षण या नमूना न लेने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे कारोबारियों और जनता को असुविधा न हो। इसके अलावा छोटे प्रतिष्ठान या वेंडर के यहां बार-बार नमूना लेकर उत्पीड़न किया गया तो अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। सभी को मुख्यालय न छोड़ने और मिलावटी खाद्य पदार्थ की सूचना या शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं।

#### फूड सेफ्टी वैन से कराएं मिलावट की जांच

एफएसडीए की फूड सेफ्टी वैन से खोया, पनीर, दूध आदि खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच कोई भी करा सकता है। ये मंडल मुख्यालय और बड़े जिलों के मुख्य बाजारों में उपलब्ध रहेंगे। संयुक्त खाद्य सुरक्षा आयुक्त हरिशंकर सिंह ने बताया कि एफएसडीए के पास 36 फूड सेफ्टी वैन हैं। इनमें से 18 सभी मंडल मुख्यालयों पर जांच के लिए उपलब्ध हैं। इसके अलावा 18 अन्य बड़े जिलों के मुख्य बाजारों में तैनात किए गए हैं। ग्राहक के साथ ही दुकानदार भी अपने कच्चे माल में मिलावट की जांच इन वैन से करा सकते हैं।

## संक्षेप

### भरभराकर गिरी कच्ची दीवार, मलबे में दबकर युवक घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के जहांगीराबाद गांव में एक दुखद हादसे में युवक घायल हो गया। शुक्रवार दोपहर के समय गांव के एक घर की कच्ची दीवार भरभराकर गिर गई, भैंस को पानी पिलाने गया युवक भी मलबे मलबे के नीचे दब गया।घटना में युवक बुरी तरह घायल हो गया बेहटा मुजाबर थाना क्षेत्र अंतर्गत जहांगीराबाद गांव निवासी रामकुमार का 24 वर्षीय राजकुमार भैंस को पानी पिलाने गया था.इसी दौरान बगल में खड़ी कच्ची दीवार भर भराकर युवक के ऊपर गिर गई.जिससे युवक दीवार के नीचे दब गया.युवक बचाने की गुहार लगाने लगा.जब तक मोहल्ले के लोग भारी संख्या में एकजुट हो गए.और युवक को फावड़े की मदद से बाहर निकाला गया.तब तक युवक बेहोश हो चुका था.युवक के नाना सर्वेश तुरंत बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां से युवक को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना के बाद से मां बहन और पिता का रो रोकर बुरा हाल है।

### महिला ने अपने जेठ पर चोरी का दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। घर में हुई चोरी को लेकर महिला ने अपने जेठ के खिलाफ नाम जद तहरीर थाने में दिया तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धारा में मुकदमा पंजीकृत कर लियो कोतवाली बीघापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरवट निवासिनी रीतू पत्नी कोमल के घर में दो माह पूर्व सोने का हार मांग बिंदी झुमकी अंगूठी सोने की चैन आदि चोर घर से उठा ले गए चोरी को लेकर महिला ने अपने जेठ राकेश सिंह पुत्र मनोहर सिंह के खिलाफ थाने में तहरीर दिया तहरीर में लिखा कि हमारा जेठ ने कहा कुछ दिन पूर्व कहा कि हमारा था हमने ले लिया तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धारा में मुकदमा पंजीकृत कर जांच प्रारंभ कर दिया।

### ई रिक्शा की चपेट में आने से छात्र हुआ घायल

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गौरी निवासी सर्वेश कुमार पुत्र देव शंकर ने थाने में तहरीर देकर कहा कि मेरा पुत्र शिवांश तिवारी प्रतिदिन की भांति स्कूल जा रहा था स्कूल जाते समय ई-रिक्शा चालक कल्लू तिवारी पुत्र रमाशंकर तिवारी ने मेरे लड़के को टक्कर मार दिया टक्कर लगते ही मेरा पुत्र खड़ंजे पर गिर गया और पैर में भारी चोट आई वही जब मैं इसकी शिकायत किया तब उसका भाई बोधन तिवारी पुत्र रमाशंकर तिवारी ने धमकी दिया कि हम तुम्हारे बच्चे के ऊपर रिक्शा चढ़ा देंगे थाने में दिए गए तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धारा में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दिय

# सीता खोज लंका दहन समेत विभिन्न लीलाओं का किया गया मंचन

अमन लेखनी समाचार



मौरावां, उन्नाव। हिलौली में चल रही पारंपरिक रामलीला के सातवें दिन स्थानीय कलाकारों ने सीता खोज जटायु लीला बालि बध शबरी आश्रम लंका दहन लीलाओं का भावपूर्ण मंचन किया गया।गुरुवार को लीला में दिखाया गया कि पंचवटी में सीता ना दिखने पर राम लक्ष्मण ब्याकुल हो उठे।और सीता को वन में खोजते हुए राम-लक्ष्मण भटक रहे थे।तभी ढूढ़ते हुए शबरी के आश्रम पहुंचे।जहां पहले से राम राम का जाप कर रही शबरी ने प्रभु का आतिथ्य सत्कार किया।अपने हाथों से मीठे बेर खिलाए।श्रीराम ने उसको नवधा भक्ति सुनाते हुए अपने धाम भेज दिया।उसके बाद सीता खोज करते हुए दोनों भाई किष्किंधा पर्वत पहुंचे।जहां श्रीराम सुग्रीव मित्रता हुई।और राम ने अनीति के मार्ग पर चलने वाली सुग्रीव के भाई बाली का वध कर डाला।तत्पश्चात सीता की खोज में सुग्रीव हनुमान ने सीता की खोज के लिए चारों दिशाओं में बानर योद्धाओं को भेज दिया।दक्षिण दिशा की ओर हनुमान को भेजा गया।बूढ़े जामवंत की प्रेरणा से हनुमान सौ योजन का समुद्र लांघ लंका पहुंचे।जहां लंका के मुख्य द्वार पर लंकिनी का पहरा लगा हुआ था।लंका में घुसने से मना करने पर हनुमान ने एक घूंसे के प्रहार से उसे यमलोक पहुंचा दिया।रावण के भाई विभीषण के संकेत पर हनुमान अशोक वाटिका पहुंचकर पेड़ से नीचे उतरे और मां सीता के समक्ष प्रकट हुए।प्रभु राम का समाचार सुनाने के बाद उनकी दी हुए मुंदरी दिया।तब सीता जी को पूरा विश्वास भक्त हनुमान पर हो गया।तभी हनुमान ने मां सीता से जोरों से भूख लगने का जिक्र किया।तब हनुमान ने लंका की फुलवारी में फल खाए और पेड़ उखाड़ फेंक दिया।यह सूचना रावण के दूत लंका में रावण के दरबार में बताते हैं।रावण के आदेश से उनका पुत्र मेघनाथ फुलवारी पहुंचा।उसने हनुमान को ब्रह्म फांस में बांधकर पिता के दरबार में खड़ा किया। दरबारियों के परामर्श से हनुमान की पूंछ में आग लगा दी गई।पूंछ में आग लगते ही हनुमान ने उछल कूद करते हुए संपूर्ण सोने की लंका को कुछ ही क्षणों में जला डाली।लंका दहन की लीला देख दर्शकों ने जय श्रीराम जय हनुमान के जयकारे गुंजायमान हो रहे थे। राम धीरू दीक्षित, लक्ष्मण नितेश शर्मा, सीता, मिथलेश, हनुमान श्याम तिवारी, सेवरी काशी कुशवाहा, अंगद रुद्र दीक्षित, बालि वीरेंद्र शर्मा, सुग्रीव जीतू दीक्षित, तारा राधिका मिश्रा, रावण सतेंद्र, मंदोदरी दीपक कुशवाहा, मेघनाथ उदयभान गुप्ता, अक्षय कुमार विवेक सविता ने जीवंत अभिनय कर सभी की वाहवाही लूटी। इस अवसर पर अशोक मिश्रा, मनोज शुक्ला, संजय श्रीवास्तव, बबलू श्रीवास्तव, ांजय तिवारी, श्यामू साहू, पुन्नू सविता, बबलू दीक्षित सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में मृतक पर्यटकों का किया गया अंतिम संस्कार

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर गुरुवार शाम हादसे में मृत थाईलैंड के दो बौद्ध धर्मावलंबी पर्यटकों का पोस्टमॉर्टम किया गया है। शुक्रवार को लखनऊ में दोनों का अंतिम संस्कार किया गया हादसे में कार चला रहा भारतीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पोस्टमॉर्टम हाउस के बाहर थाईलैंड की महिला पर्यटक फूट-फूटकर रोने लगी। पुलिस अधिकारियों ने अंग्रेजी में बातचीत कर मृतकों की पहचान और विवरण जुटाया। देर रात लखनऊ शासन ने मामले का संज्ञान लिया और रात करीब दो बजे दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम कराया गया। पुलिस ने थाई दूतावास और मृतकों के परिजनों को सूचना भेज दी है। मृतकों सकूलसक (50) और अनन (57) थाईलैंड के नागरिक और श्रावस्ती स्थित बौद्ध मंदिर ट्रस्ट के सदस्य थे। वे मंदिर की सजावट के लिए दिल्ली से विद्युत झालरें खरीदने जा रहे थे। उनके साथ श्रावस्ती निवासी प्रकाश (35) कार चला रहा था। शाम करीब 4:30 बजे कार एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 240 के पास स्थित हवाई पट्टी के पास पहुंची। चालक ने लघुशंका के लिए वाहन रोका ही था कि पीछे से तेज रफ्तार अर्टिगा ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों थाई पर्यटक सड़क किनारे उछलकर दूर जा गिरे और मौके पर ही उनकी जान चली गई। चालक प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तुरंत अस्पताल भेजा गया। हादसे के बाद अर्टिगा कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चालक श्यामबरन (निवासी चंद्रविहार, मंडावली, दिल्ली) को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने बताया कि लखनऊ से दिल्ली जाते समय उसकी कार का टायर फट गया, जिससे वाहन नियंत्रण से बाहर हो गया। घटना के बाद जब घायल चालक और मृत पर्यटकों को बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, तो अस्पताल का माहौल अत्यंत भावुक हो गया। मृतकों की साथी थाई नागरिक वोंग सोमबून रैम शव देखकर फफक-फफककर रोने लगीं। वहां मौजूद लोग भी नम आंखों से यह दृश्य देखते रह गए। दो विदेशी नागरिकों की मौत की खबर आग की तरह फैल गई। लोगों ने इस हादसे को ₹दिल दहला देने वाला₹ बताया और कहा कि एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार पर नियंत्रण जरूरी है। स्थानीय निवासियों ने मांग की कि हवाई पट्टी के पास अतिरिक्त पुलिस गश्त और गति नियंत्रण संकेतक लगाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी त्रासदी दोबारा न हो।

# युवक के साथ हुई मारपीट दो पुलिस कर्मी निलंबित

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ थाने में अभद्रता और मारपीट के आरोप में पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने एक उपनिरीक्षक (दरोगा) और एक हेड मोहर्रिर को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई आरोपों की पुष्टि होने के बाद की गई। इस घटना से पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। यह मामला बिहार थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। सोमवार को एक युवती ने अचलगंज थाना क्षेत्र के एक युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। युवती का आरोप था कि युवक उसका वीडियो बनाकर शादी के लिए दबाव बना रहा है। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने बुधवार को युवक को हिरासत में लेकर थाने बुलाया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, युवक को थाने लाने के बाद उपनिरीक्षक दिनेश मणि पांडेय और हेड मोहर्रिर रत्नेश मिश्र ने पूछताछ के दौरान उससे कथित तौर पर अभद्रता की और मारपीट कर प्रताड़ित किया। आरोप यह भी है कि दोनों पुलिसकर्मियों ने मामला दर्ज करने के बजाय पीड़ित पक्ष से समझौते के नाम पर पैसे की मांग की और उगाही की। थाने में हुई इस घटना से युवक और उसके परिजनों में गहरा आक्रोश फैल गया। गुरुवार देर रात पीड़ित युवक के परिजनों ने पुलिस के उच्चाधिकारियों से संपर्क कर पूरी जानकारी दी और न्याय की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने तत्काल कार्रवाई करते हुए गुरुवार को दरोगा दिनेश मणि पांडेय और हेड मोहर्रिर रत्नेश मिश्र को निलंबित कर दिया।

# बैंक शाखाओं के प्रबंधकों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के तहत बैंक शाखाओं के प्रबंधकों के लिए शुक्रवार को कन्वेंशन सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि स्वयं सहायता समूह आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने बैंक अधिकारियों को ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए समूहों को समय पर वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी याद दिलाई। राठी ने निर्देश दिए कि बैंक शाखाएं समूहों को सीसी लिमिट और अन्य ऋण सुविधाएं समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराएं, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाया जा सके। हर्षिता तिवारी ने बताया कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं अब घर की चारदीवारी से निकलकर उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने बैंक प्रबंधकों से ऋण वितरण के साथ-साथ तकनीकी मार्गदर्शन भी देने की अपेक्षा की, जिससे धन का उपयोग उत्पादन कार्यों में हो सके। कार्यशाला में एनआरएलएम हैदराबाद से आए नेशनल रिसोर्स पर्सन डी.डी. मिश्रा और सुरेश कुमार अग्रवाल ने समूहों को वित्तीय अनुशासन, तथा विदेशी एवं घरेलू बाजार में विस्तार की संभावनाओं पर प्रशिक्षण दिया। उपनिदेशक (स्वरोजगार) के. एल. य ादव ने बैंकिंग प्रक्रियाओं और समूहों की क्रेडिट हिस्ट्री सुधारने के उपाय बताए। उन्होंने जोर दिया कि सशक्त समूह ही जिले के आर्थिक विकास की रीढ़ हैं। इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रबंधक ललित कुमार, शाखा प्रबंधक नारायण सिंह, जिला मिशन प्रबंधक रजीउल हसन सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।कार्यशाला में उन महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिन्होंने पापड़, अचार, अगरबत्ती, मोमबत्ती, सिलाई, बेकरी और नमकीन निर्माण जैसे कार्यों से स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की।

# नवनिर्वाचित सदस्यों को दिए गए प्रमाण पत्र

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। एसोसिएशन के नव निर्वाचित कार्यकारिणी के लोगों को तहसीलदार मनीष द्विवेदी ने प्रमाण पत्र वितरण किए गए। शुक्रवार को तहसील सभागार में एल्डर कमेटी के अध्यक्ष व पदाधिकारी एवं अधिवक्ताओं को तहसीलदार द्वारा नवनिर्वाचित लोगो को प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अध्यक्ष कमलेश कुमार यादव एडवोकेट, उपाध्यक्ष सिद्धनाथ राजपूत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित कुमार, महामंत्री विजय कुमार सिंह, संगठन मंत्री रामनरेश राजपूत, कोषाध्यक्ष विष्णु शंकर शर्मा, संयुक्त मंत्री विष्णु चंद्र, सदस्य छोटे लाल राजपूत, शैलेश कुमार, करुणा शंकर मिश्र, मोहम्मद सलमान, रामसागर, पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष अब्दुल बारी सहित आदि तमाम अधिवक्ता व अन्य लोग मौजूद रहे।

# पर्व में बाहर से आने वाले लोगों का ट्रेन से सफर करना टेढ़ी खीर

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दीपावली और छठ पर्व नजदीक आने के साथ ही दिल्ली, मुंबई, बिहार, हरियाणा और गुजरात जैसे राज्यों से उन्नाव आने वाले यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। त्योहारी सीजन में रेल टिकट मिलना लगभग असंभव हो गया है, क्योंकि अधिकांश ट्रेनों में प्रतीक्षा सूची (वेटिंग) 200 से अधिक पहुंच गई है। कई ट्रेनों में तत्काल कोटा भी समाप्त हो चुका है। रेलवे रिजर्वेशन काउंटरों पर टिकट के लिए लंबी कतारें देखी जा रही हैं, लेकिन अधिकांश यात्री निराश होकर लौट रहे हैं। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, जैसे-जैसे त्योहार की तारीखें करीब आ रही हैं, प्रतीक्षा सूची लगातार बढ़ रही है। रोजगार के लिए दिल्ली, मुंबई, हरियाणा, नोएडा, पुणे, गुजरात और बिहार में रहने वाले उन्नाव के निवासी अपने घर लौटना चाहते हैं, लेकिन लंबी प्रतीक्षा सूची उनकी चिंता का कारण बन गई है। उन्नाव से गुजरने वाली अधिकांश लंबी दूरी की ट्रेनों में सीटें पहले से ही पूरी तरह से भरी हुई हैं। दिल्ली और बिहार जाने वाली ट्रेनों में प्रतीक्षा सूची 150 से 200 के बीच है, जबकि मुंबई रूट की ट्रेनों में यह 100 तक पहुंच गई है। गंगा गोमती एक्सप्रेस, अवध एक्सप्रेस, पुष्पक एक्सप्रेस, पवन एक्सप्रेस, सियालदह एक्सप्रेस और कामायनी एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों में टिकट मिलना बेहद कठिन हो गया है। ऑनलाइन टिकट बुक करने वाले कैफे संचालकों का कहना है कि प्रतीक्षा सूची हर घंटे बढ़ रही है और पिछले सप्ताह बुक किए गए कई टिकटों की वेटिंग अब भी क्लियर नहीं हुई है। दैनिक यात्री संघ के मुर्तजा हैदर ने बताया कि भट्टों और फैक्टरियों में काम करने वाले बिहार और पूर्वांचल के मजदूर भी घर लौटने की तैयारी में हैं, लेकिन उन्हें टिकट न मिलने की चिंता सता रही है।

# गौशाला में मवेशियों की मौत पर मौके पर पहुंचे बजरंग दल के कार्यकर्ता

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र स्थित संभरखेड़ा गांव की गौशाला में शुक्रवार को 10 गायों की मौत हो गई। इस घटना के बाद गौशाला परिसर में हंगामा मच गया। सूचना मिलने पर बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि गौशाला में लंबे समय से पशुओं की देखभाल में अनदेखी की जा रही थी। ग्रामीणों ने सुबह गौशाला के अंदर कई गायों को मृत पाया, जिसके बाद उन्होंने तत्काल प्रशासन को सूचित किया। सूचना पर पुलिस और पशु चिकित्सा विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। बताया गया है कि गौशाला में लगभग दर्जनभर गायों की मौत हुई है, जबकि कुछ अन्य गायें गंभीर रूप से बीमार हैं। मृत गायों को गौशाला परिसर के पास ही दफनाया गया है। बजरंग दल के कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि गौशाला में पर्याप्त चारा और पानी की व्यवस्था नहीं है। उन्होंने ठेकेदारों और संबंधित अधिकारियों की लापरवाही को इन पशुओं की मौत का जिम्मेदार ठहराया। कार्यकताओं ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से जवाब मांगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। घटना के बाद गौशाला में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और बीमार गायों के उपचार के लिए पशु चिकित्सकों को तैनात किया गया है। बजरंग दल के कार्यकताओं ने चेतावनी दी है कि यदि दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे।

# गौवंश बचाने के लिए सर्व सनातन धर्म समिति ने खोला मोर्चा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नियमों को दरकिनार कर उन्नाव जनपद के स्लाइडर हाउसों में बीमार गाय और बेजुबान बछड़े धड़ल्ले से काटे जा रहे हैं, जो मानक के विपरीत है।नतीजतन स्लाइटर हाउसेस से निकला पानी जहां एक और भूमि जल प्रदूषण फैला रहा है, तो वही इसका पानी खेतों की उपज बेकार कर रहा है।खेतों के उपज लगातार नीचे आ रही है इस संबंध में सर्व सनातन उत्थान सेवा समिति उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष सतीश शुक्ला ने अपने साथियों सहित एक ज्ञापन जिलाधिकारी उन्नाव को सोपा। मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में अविलंब कार्यवाही करने और दोषियों को दंडित करने की शिकायत की गई है।

# विद्युत करंट की चपेट से युवक झुलसा हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के सैंता गांव निवासी गुड्डू (35) पुत्र भुल्लू शुक्रवार को तकिया चौरहे के लखनऊ बांगरमऊ सडक मार्ग पर बिजली के खंभे पर चढ़कर लाइन ठीक कर रहा था। तभी वह करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने से बेकाबू होकर खंभे से नीचे जा गिरा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें गंभीर हालत में सफीपुर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# जिला अस्पताल में वार्ड बॉय का मोबाइल फोन हुआ चोरी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड से शुक्रवार को एक वार्ड बॉय का मोबाइल फोन चोरी हो गया। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें एक संदिग्ध व्यक्ति मोबाइल उठाते हुए स्पष्ट रूप से दिख रहा है। इस वारदात ने अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, वार्ड बॉय हितेश ने अपनी ड्यूटी के दौरान मोबाइल फोन मेज पर रखा था। इसी बीच एक अज्ञात व्यक्ति वहां आया और मौका पाकर मोबाइल उठा ले गया। जब हितेश वापस लौटा तो उसका फोन गायब मिला। उसने तुरंत अपने वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। अस्पताल प्रशासन ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की और पुलिस को सूचना दी। फुटेज में संदिग्ध व्यक्ति की स्पष्ट तस्वीर दिखाई दे रही है, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की पहचान की जा रही है और उसे जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। इस घटना के बाद अस्पताल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। कर्मचारियों ने चिंता व्यक्त की है कि इमरजेंसी वार्ड जैसे संवेदनशील स्थान पर भी बाहरी व्यक्ति आसानी से घुसकर चोरी कर सकता है। कर्मचारियों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नाराजगी है और उन्होंने सीसीटीवी की नियमित निगरानी तथा गार्डों की संख्या बढ़ाने की मांग की है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस को सूचित कर फुटेज सौंप दी गई है। उन्होंने अस्पताल परिसर में सुरक्षा को और मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। सीएमएस ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए निगरानी व्यवस्था को और सख्त किया जाएगा।

# पूर्ण आहुति ,कन्या भोज के साथ संम्पन्न हुआ नवदिवसीय हनुमत रुद्र महायज्ञ

अमन लेखनी समाचार



असोहा, उन्नाव। क्षेत्र के अजयपुर स्थित पावनधाम में चल रहे दँसम नवदिवसीय हनुमत रुद्र महायज्ञ एवम मानस वेदांत सन्त सम्मेलन का पूर्ण आहुति व कन्या भोज के साथ समापन हुआ । पूर्ण आहुति में आहुति डालने व यज्ञशाला की फेरी लगाने में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी , वही कन्याओं को खिलाने के साथ शुरू हुआ भंडारा अनवरत चलता रहा ।चल रहीं रामकथा के अंतिम ।दिन प्रयाग से आये मानस मराल लहरी जी ने भक्तों को सम्बोधित कथा के माध्यम से बताया कि भौतिक पद्रार्थों से प्राप्य सुखों की अवधि छोटी होती है , शरीर और मन भगवान के प्रयोजन पूरा करने के लिये मनुष्य के जीवन के रथ के दो पहिये है ,इन्हें सही राह पर चलाकर ईश्वरत्व को प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए , यदि मार्ग से जरा भी भटके तो जीवन रूपी रथ के पहिये टूट सकते है । उन्होंने कहा काम ,क्रोध ,लोभ ,मोह ,मद ,मत्सर , अहंकार , आलस्य , हिंसा ,चोरी जैसे अवगुणों को त्याग करके ईश्वरत्व की प्राप्ति शिघ्र की जा सकती है ।इस दौरान महाकाल आश्रम उज्जैन के दंडी स्वामी देवेंद्रनन्द सरस्वती महाराज ,किसान यूनियन के प्रदेश मंत्री ऋषि मिश्र ,बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यछ सतीश शुक्ल , ब्रह्मण महासभा के अध्यछ विजय त्रिपाठी , पूर्व ब्लॉक प्रमुख पप्पू सिंह , प्रधान सतीश त्रिपाठी , प्रधान उमेश साहू , प्रधान , सुधीर राजपूत , प्रधान मनोज शुक्ल , प्रधान विमल शुक्ल , प्रधान पुत्तू मिश्र , प्रधान पिंटू सिम्ह , प्रधान दुर्गेश यादव , प्रधान दिनेश विमल , प्रधान गंगा कृष्ण मिश्र , प्राचीन्द्र मिश्र , सूरज सिंह , सोहनलाल त्रिवेदी सुरेशयादव सहित हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया ।

# पर्व को देखते जनपद में खाद्य सुरक्षा टीम सक्रिय

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज जैसे आगामी त्योहारों के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग सतर्क हो गया है। लोगों को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला प्रशासन ने एक विशेष निरीक्षण अभियान चलाया। इस अभियान के तहत होटल सिया इन, लखनऊ रोड, उन्नाव में एक कार्यशाला आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने की। कार्यशाला में जनपद के शहरी क्षेत्रों और विभिन्न तहसीलों से आए खाद्य कारोबारियों को त्योहारों के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। सहायक आयुक्त (खाद्य) सुरेश प्रसाद ने बताया कि मिठाई, नमकीन, दूध और तेल जैसे उत्पादों की शुद्धता की जांच लगातार जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि मिलावटी या घटिया सामग्री से खाद्य पदार्थ तैयार करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान विभागीय अधिकारियों ने दुकानों, होटल और मिठाई प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने मौके से नमूने एकत्रित कर प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे। इस दौरान मिठाई और अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच की गई। खाद्य कारोबारियों को साफ-सफाई और स्वच्छता मानकों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से मिठाई बनाने में उपयोग होने वाले रंग और तेल की गुणवत्ता पर सतर्कता बरती गई। इस अभियान के तहत विभाग की टीम ने लगभग 70 खाद्य कारोबारियों को प्रशिक्षण भी दिया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्याम कुमार, आशीष कुमार शर्मा और प्रवीण उपाध्याय ने उपस्थित कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी दी। अधिकारियों ने जोर देकर कहा कि उपभोक्ताओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने बताया कि त्योहारों पर मिठाई और खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग के कारण नकली या घटिया वस्तुओं की बिक्री की संभावना बढ़ जाती है। इसी कारण यह सघन अभियान चलाया जा रहा है। अपर जिलाधिकारी ने सभी खाद्य कारोबारियों से अपील की कि वे लाइसेंस और पंजीकरण संबंधी नियमों का पालन करें और उपभोक्ताओं को केवल गुणवत्तापूर्ण वस्तुएं ही उपलब्ध कराएं।

## सम्पादकीय

# आम आदमी के पहुंच से बाहर जा रही पीली धातु

दुनियाभर की महिलाओं को सोना बहुत प्रिय है। भारतीय महिलाओं के लिए तो सोना एक धातु मात्र न होकर धन, प्रतिष्ठा और सांस्कृतिक विरासत का प्रतिबिंब है। हालांकि नए चलन ने इसके विकल्प पेश किए हैं, फिर भी सोने का आकर्षण बरकरार है। सोना आकर्षण एक समृद्ध विरासत, निवेश मूल्य कऔर पीढ़ियों से दिलों को छूने वाली भावनाओं में गहराई से निहित है। सोने के आभूषण केवल सजावट से कहीं आगे जाते हैं। ये रीति-रिवाजों और मूल्यों का जीवंत प्रमाण हैं, जिन्होंने महिलाओं की पीढ़ियों को परिष्कृत किया है। सोने में चमकती हुई सतह के परे, सांस्कृतिक विरासतों से गहरा जुड़ाव, अतीत और वर्तमान के बीच एक ठोस कड़ी छिपी होती है। हर चमक और हर नाजुक विवरण में, सोने के आभूषण महिला की यात्रा का सार समेटे हुए होते हैं। सोने के आभूषण उपहार में देने और प्राप्त करने के पीछे एक भावनात्मक लगाव दिखाई देता है, जो स्थायी यादें और जुड़ाव बनाता है। यह भावनात्मक निवेश का भी प्रतीकात्मक पैमाना बन जाता है जहां प्रेम, उत्सव और महत्व की कहानियों का सार प्रत्येक आभूषण में अंकित होता है। प्रत्येक आभूषण प्रेम, उत्सव और गहन महत्व से भरी कहानियों का भार ढोने वाला बन जाता है, लेकिन अब सोना आम महिलाओं की पहुंच से दूर जा रहा है। सोने के दाम लगातार नई ऊंचाई छू रहे हैं। 14 अक्टूबर को पुष्य नक्षत्र के मौके पर सोने की कीमत सवा लाख के पार पहुंच गई है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोने के दाम 1,997 रुपये बढ़कर 1,26,152 रुपये हो गए हैं। इससे पहले सोमवार को ये 1,24,155 पर था। वहीं, चांदी की कीमत 2,775 बढ़कर 1,78,100 रुपये प्रति किलो के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। सोमवार को ये 1,75,325 रुपये पर थी। ऐसा माना जा रहा है कि देश में फेस्टिव सीजन, इंडस्ट्रियल डिमांड और ग्लोबल स्तर पर सप्लाई कम और मांग बढ़ने की वजह से चांदी की कीमत में लगातार बढ़त देखने को मिल रही है। केवल इसी साल पर ही नजर दौड़ाए तो सोने के दाम 49,990 रुपये बढ़े हैं। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपये का था, जो अब 1,26,152 रुपये हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 92,083 रुपये बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपये थी, जो अब 1,78,100 रुपये प्रति किलो हो गई है। माना जाता है कि दिवाली-धनतेरस पर सोना खरीदना शुभ माना जाता है। इसीलिए माना जा रहा है कि अगले कुछ दिन सोने के दाम नई छलांग लगाने वाले हैं। अब तक आई तेजी के पीछे का कारण यही है कि मिडिल ईस्ट में उथल-पुथल और ट्रेड वॉर की चिंताओं के कारण निवेशक सोना खरीद रहे हैं। अमेरिका की नीतियों को लेकर अनिश्चितता है। निवेशकों को लग रहा है कि ऐसे समय में शेयर बाजार में निवेश परेशानी का कारण बन सकता है। इसीलिए वे सुरक्षित निवेश कहे जाने वाले सोने पर पैसा लगा रहे हैं। उत्पादन कम और खरीदार ज्यादा होने के कारण ही सोने के दाम लगातार नई इबारत लिख रहे हैं। रही सही कसर दुनियाभर के बैंकों ने पूरी कर दी है। बड़े बैंक डॉलर पर निर्भरता कम करना चाहते हैं। इसलिए वे अपने खजाने में सोने का हिस्सा लगातार बढ़ाते जा रहे हैं। ये भी एक कारण है कि केवल इसी साल में ही सोने के दाम 60 प्रतिशत के आसपास तक बढ़ चुके हैं। कारण जो भी हो, सच यही है कि सोना आम आदमी के पहुंच से बहुत दूर जा चुका है। अगर हालात यही रहे तो महिलाओं में भी इस पीली धातु के प्रति आकर्षण कम होना तय है।

# सादगी, समर्पण और संघर्ष का त्रिवेणी संगम हैं डॉ. रमन सिंह



विशेष
अरुण कुमार बिसेन

भारतीय राजनीति के उस विशाल आकाश में, जहां सत्ता की चमक अक्सर सेवा की सादगी को ढक लेती है, वहाँ कुछ नाम ऐसे भी हैं जो पदों की गरिमा से नहीं, बल्कि अपने चरित्र की सुगंध से पहचाने जाते हैं। डॉ. रमन सिंह ऐसा ही एक नाम है जो राजनीति में सादगी, समर्पण और संघर्ष का त्रिवेणी संगम हैं। डॉ रमन एक ऐसा नाम जो छत्तीसगढ़ की माटी में इस तरह रचा-बसा है जैसे धान के खेतों में फैली हरियाली हो। स्टेथोस्कोप थामने वाले हाथों ने जब राज्य की बागडोर संभाली, तो उन्होंने साबित किया कि राजनीति भी एक इलाज है शोषितों, वंचितों, पीड़ितों की पीड़ा दूर करने का, अव्यवस्था व अराजकता की बीमारियों का। छत्तीसगढ़ के 5000 दिन से अधिक मुख्यमंत्री रहने वाले डॉ रमन सिंह का पूरा जीवन एक प्रेरणा है। उनके जीवन का सफर किसी फिल्म की स्क्रिप्ट सा लगता है, क्योंकि पार्षद से मुख्यमंत्री बनने का सफर यूं तो आसान नहीं होता लेकिन उनके जनसेवा के जुनून ने इस सफर को परिश्रम की पराकाष्ठा और प्रयत्नों की परिसीमा से संभव कर दिया।

राजनांदगांव के कवर्धा (ठाठापुर) की उस पावन धरती पर, जहां सादगी और संस्कार हवा में घुले थे, 15 अक्टूबर 1952 को एक ऐसे बालक ने जन्म लिया जो आगे चलकर लाखों दिलों की धड़कन बनेगा डॉ. रमन सिंह। साधारण परिवार में जन्मे रमन का बचपन मिट्टी की उस खुशबू में बीता जिसमें संस्कार, परिश्रम और सेवा घुली थी। शायद उन्होंने कभी सोचा भी नहीं होगा कि एक दिन वे छत्तीसगढ़ के भाग्य-विधाता बनेंगे।पर जीवन की शुरुआत से ही उनमें थी अदम्य जिजीविषा, सेवा का संस्कार और जनता के दर्द को समझने की वह संवेदनशीलता जो किताबों से नहीं, जीवन से सीखी जाती है। MBBS का सपना उम्र की सीमा ने रोक दिया, पर उन्होंने इसे रुकावट नहीं, अवसर समझा। BAMS में प्रवेश लिया, डॉक्टर बने और जीवन को सेवा का मार्ग बना लिया।मरीजों की सेवा करते हुए भी उनकी दृष्टि समाज की बड़ी बीमारियों गरीबी, असमानता और विकास की कमी पर थी। कवर्धा में उन्होंने अपना क्लिनिक खोला, पर एक दिन कुछ ऐसा देखा जिसने उनकी पूरी जीवन दिशा बदल दी।

कई गरीब ऐसे थे, जिनके पास मामूली फीस देने तक के पैसे नहीं थे। बीमारी उनके दरवाजे पर दस्तक देती थी, लेकिन इलाज के दरवाजे उनके लिए बंद थे। डॉ. रमन का हृदय पिघल गया। उन्होंने एक फैसला लिया जो उनकी जिंदगी की पहली बड़ी सेवा यात्रा बन गई शनिवार को मुफ्त इलाज। हर शनिवार उनका क्लिनिक गरीबों, आदिवासियों और जरूरतमंदों से भर जाता। कोई पैसा नहीं, कोई भेदभाव नहीं, बस इलाज और इंसानियत। डॉ. रमन की इस निःस्वार्थ सेवा को देख, वहां के गरीब आदिवासियों ने उनका नाम रख दिया 'शनिचरी डॉक्टर'। यह उपाधि किसी विश्वविद्यालय ने नहीं दी थी, यह उन्हें मिली थी उन आंखों से जिनमें आभार के आंसू थे, उन हाथों से जो दुआओं में उठते थे।



समय था 1999 का तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा कुशाभाऊ ठाकरे ने डॉ. रमन सिंह को राजनांदगांव से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए कहा। लेकिन यह कोई सामान्य चुनाव नहीं था यह एक युद्ध था। सामने कांग्रेस के दिग्गज नेता मोतीलाल वोरा थे, जिन्हें चुनाव से पहले ही लोग विजयी मान चुके थे। राजनीतिक जानकार कह रहे थे कि डॉ रमन सिंह का जीतना असंभव है। लेकिन सामने थे डॉक्टर रमन, जिन्हें हर मर्ज का इलाज आता था, जिन्होंने कभी हार नहीं मानी थी। उस चुनाव में उन्होंने अथक परिश्रम किया। सुबह से रात तक, गांव-गांव, घर-घर। उनके पैरों में छाले पड़ गए, लेकिन इरादे डगमगाए नहीं। जब परिणाम आए तो हर कोई सन्न रह गया। डॉक्टर रमन सिंह ने 26 हजार वोटों से जीत दर्ज की यह केवल एक चुनावी जीत नहीं थी, यह विश्वास की जीत थी, समर्पण की जीत थी। और इसका इनाम भी उन्हें मिला वे केंद्र में राज्य मंत्री बनाए गए।

छत्तीसगढ़ भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनना उनके जीवन का एक निर्णायक मोड़ था। उस समय प्रदेश में कांग्रेस का वर्चस्व था, जोगी सरकार के खिलाफ जनता में असंतोष तो था, लेकिन विकल्प की तलाश भी थी। भाजपा के कार्यकर्ताओं के मन में हताशा थी, संगठन बिखरा हुआ था। डॉ. रमन सिंह ने संगठन को एक नया जीवन दिया। उन्होंने प्रदेश के कोने-कोने में जाकर कार्यकर्ताओं से संवाद किया, उनके मन में जमी हताशा को उम्मीद में बदला, उनकी टूटी हुई कमर को फिर से सीधा किया। उनकी वाणी में जादू था मृदु, लेकिन प्रभावशाली; सरल, लेकिन गहरी। और फिर आया वह ऐतिहासिक क्षण 2003 का विधानसभा चुनाव। लोगों को भरोसा कम था, अपने लोग ही दबी जुबान से कहते थे कि सरकार नहीं बनेगी। राजनीतिक विश्लेषक कांग्रेस की जीत के आंकड़े गिना रहे थे। लेकिन डॉ. रमन सिंह को अपनी जनता पर, अपने कार्यकर्ताओं पर, और सबसे बढ़कर अपने संकल्प पर विश्वास था। जब परिणाम आए, तो छत्तीसगढ़ की जनता ने स्पष्ट संदेश दिया। डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में भाजपा ने शानदार जीत दर्ज की।

7 दिसंबर 2003 यह तारीख छत्तीसगढ़ के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखी गई। जिस दिन वे मुख्यमंत्री की शपथ लेने गए, उस दिन उनकी आंखों में आंसू थे जिम्मेदारी के, संकल्प के, और जनता के विश्वास के। उन आंसूओं में छत्तीसगढ़ के सपने तैर रहे थे, उन आंसूओं में एक नए युग का आगमन था। फिर सेवा और समर्पण का यह कारवां 2008 और 2013 में भी जीत के साथ आगे बढ़ता गया। तीन बार लगातार मुख्यमंत्री बनना, यह केवल राजनीतिक सफलता नहीं, जनता के अटूट विश्वास का प्रमाण था।

डॉ. रमन सिंह का 15 साल का मुख्यमंत्रित्व काल केवल शासन नहीं थायह एक मिशन था, एक यज्ञ था छत्तीसगढ़ के कायाकल्प का। उनकी सोच साफ थीविकास सबके लिए हो, हर वर्ग तक पहुंचे, और धरातल पर दिखे। 2003 में जब उन्होंने शपथ ली तब छत्तीसगढ़ के हालात बहुत बेहतर नहीं थे। मध्यप्रदेश से अलग हुए मात्र 3 साल हुए थे, प्रदेश अभी संभल ही रहा था। ऊपर से कांग्रेस सरकार के 3 साल के भ्रष्टाचार और अपराध ने इसे और गर्त में ला दिया था। डॉ. रमन ने इसे चुनौती के रूप में लिया और छत्तीसगढ़ को एक नई पहचान देने का संकल्प लिया।

छत्तीसगढ़ को 'धान का कटोरा' कहा जाता है, लेकिन विडंबना यह थी कि किसानों की हालत दयनीय थी। बस्तर जैसे क्षेत्रों में भूख से मौत जैसी दुखद घटनाएं होती थीं। कुपोषण से बच्चे मर रहे थे, माताओं की आँखों में आँसू थे। यह दृश्य डॉ. रमन के लिए असहनीय था। एक चिकित्सक के रूप में, एक इंसान के रूप में, और मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने संकल्प लिया 'छत्तीसगढ़ में कोई भी बच्चा भूखे पेट नहीं सोएगा।' 2008 में उन्होंने एक ऐसी योजना शुरू की जो छत्तीसगढ़ की पहचान बन गई, जो देश भर में चर्चा का विषय बनीगरीबों को मात्र 2 रुपये प्रति किलो की दर पर चावल उपलब्ध कराना। यह केवल एक सरकारी योजना नहीं थी यह उनकी संवेदनशीलता का प्रमाण था, यह उनके हृदय की आवाज़ थी। बाद में इसे और सुलभ बनाते हुए अंत्योदय कार्ड धारकों को 1 रुपये और BPL परिवारों को 2 रुपये प्रति किलो चावल दिया जाने लगा।

जब एक गरीब माँ अपने बच्चों को पेट भर भोजन करा पाती है, जब एक मजदूर को यह चिंता नहीं रहती कि रात को क्या खाएगा, जब एक बुजुर्ग के चेहरे पर संतोष की मुस्कान आती हैतो उनकी आंखों में जो आभार होता है, वही डॉ. रमन सिंह की असली उपलब्धि है। लोगों ने उन्हें एक नया नाम दिया 'चाउर वाले बाबा' (चावल वाले बाबा)। शनिचरी डॉक्टर अब चाउर वाले बाबा बन गए थे। यह उपाधि किसी पुरस्कार समारोह में नहीं मिली थी, यह मिली थी उन लाखों परिवारों की दुआओं से जिनके घरों में चूल्हा जलने लगा था। उनकी सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) और अन्य खाद्य सुरक्षा योजनाओं ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रियता दिलाई। देश के अन्य राज्यों ने छत्तीसगढ़ मॉडल को अपनाना शुरू किया। लेकिन डॉ रमन के लिए यह कोई राजनीतिक उपलब्धि नहीं थीयह उनके जीवन के उस संकल्प की पूर्ति थी जो उन्होंने शनिचरी डॉक्टर के रूप में देखा था।

आज जब डॉ. रमन सिंह अपने जीवन के 73वें वर्ष में हैं, तब भी उनका उत्साह कम नहीं हुआ। उनकी आँखों में अब भी वही चमक है, हृदय में वही धड़कन हैछत्तीसगढ़ के विकास की, जनता की भलाई की। समय ने उनके बालों को सफेद कर दिया है, लेकिन उनके इरादे अब भी पहाड़ों जितने मजबूत हैं।उनका जीवन हमें सिखाता है कि राजनीति केवल सत्ता का खेल नहीं है। यह जनसेवा का एक माध्यम है, समाज परिवर्तन का एक हथियार है। यह सिखाता है कि सच्ची ताकत पद में नहीं, चरित्र में होती है। यह बताता है कि जब आप ईमानदारी से काम करते हैं, जब आप जनता के दुख-दर्द को अपना समझते हैं, तो जनता आपको कभी भूलती नहीं। सत्ता आती-जाती है, लेकिन प्रेम और सम्मान हमेशा के लिए रह जाता है। छत्तीसगढ़ के इतिहास में डॉ. रमन सिंह का नाम स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगाउनका विलक्षण व्यक्तित्व जिसने राजनीति को सेवा का पर्याय बनाया, जिसने विकास को जनता तक पहुँचाया, और जिसने साबित किया कि सादगी और संवेदनशीलता ही सच्ची महानता की निशानी है। वे शनिचरी डॉक्टर से शुरू हुए, चाउर वाले बाबा बने, और आज भी जन-जन के दिलों में बसे हैं।



श्वेता गोयल

# मिसाइल मैन डा. कलाम ने दी सपनों को उड़ान

भारत के इतिहास में कुछ ही व्यक्तित्व ऐसे हुए हैं, जिन्होंने विज्ञान, शिक्षा, नेतृत्व और मानवीयता के हर क्षेत्र में अपने अमिट पदचिह्न छोड़े हों। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, जिन्हें 'मिसाइलमैन' और 'जनता के राष्ट्रपति' के रूप में जाना जाता है, उन विरल महान विभूतियों में से एक थे। उनका जीवन इस बात का उदाहरण है कि किस प्रकार सीमित साधनों से प्रारंभ हुआ एक व्यक्ति अपनी प्रतिभा, परिश्रम, ईमानदारी और दृष्टि से राष्ट्र का मार्गदर्शक बन सकता है। उनकी सादगी, मितव्ययिता, निष्ठा और कर्मशीलता ने न केवल वैज्ञानिकों और राजनेताओं को, बल्कि करोड़ों सामान्य भारतीयों को भी गहराई से प्रभावित किया। तमिलनाडु के रामेश्वरम में 15 अक्टूबर 1931 को एक साधारण नाविक परिवार में जन्मे अब्दुल कलाम बचपन से ही जिज्ञासु, परिश्रमी और आत्मविश्वासी थे। गरीबी और कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने शिक्षा को अपने जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य बनाया। उन्होंने बचपन में समाचारपत्र बेचकर परिवार को सहारा दिया परंतु उनके मन में सदैव विज्ञान के प्रति गहरी रुचि थी। यह वही जिज्ञासु बालक था, जिसने समुद्र तट पर उड़ते पक्षियों को देखकर उड़ान का सपना देखा और वही सपना बाद में भारत की मिसाइल और अंतरिक्ष परियोजनाओं में वास्तविकता का रूप ले सका। मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी से एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद कलाम ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और बाद में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में कार्य किया। इसरो में उन्होंने सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल प्रोजेक्ट में प्रमुख भूमिका निभाई, जिसने भारत को 1980 में 'रोहिणी उपग्रह' के सफल प्रक्षेपण के साथ अंतरिक्ष शक्ति के रूप में स्थापित किया। बाद में डीआरडीओ में लौटकर उन्होंने 'इंटीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम' की अगुवाई की, जिसके तहत पृथ्वी, त्रिशूल, आकाश, नाग और अग्नि जैसी मिसाइलें विकसित हुईं। इस उपलब्धि ने उन्हें भारत का 'मिसाइलमैन' बना दिया। परमाणु शक्ति सम्पन्न भारत का सपना साकार करने में भी डॉ. कलाम की भूमिका अत्यंत निर्णायक रही। 1998 में पोखरण परमाणु परीक्षण के दौरान उन्होंने रणनीतिक और तकनीकी दोनों स्तरों पर देश का नेतृत्व किया। यह परीक्षण भारत की वैज्ञानिक क्षमता और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन गया। कलाम केवल मिसाइल या परमाणु शक्ति के प्रतीक नहीं थे, वे एक ऐसे वैज्ञानिक थे, जिन्होंने अपने कार्य को राष्ट्रनिर्माण का साधन बनाया। डा. कलाम विज्ञान को केवल प्रयोगशाला तक सीमित नहीं रखते थे बल्कि उसे समाज की बेहतरी और राष्ट्रीय चरित्र के निर्माण से जोड़ते थे। उनका मानना था कि विज्ञान केवल खोज का साधन नहीं, आत्मनिर्भरता और नैतिकता का आधार है। वे सदैव कहते थे कि भारत के युवाओं के पास अपार क्षमता है; बस उन्हें अपने सपनों को हकीकत में बदलने का साहस होना चाहिए। उनका प्रसिद्ध वाक्य 'सपना वह नहीं, जो आप सोते समय देखते हैं, सपना वह है, जो आपको सोने नहीं देता' आज भी हर युवा के हृदय में प्रेरणा जगाता है। वे युवाओं से कहते थे, 'अलग सोचने की हिम्मत रखो, आविष्कार करने की हिम्मत रखो, असंभव को संभव बनाने की हिम्मत रखो।' जब वे 2002 में भारत के 11वें राष्ट्रपति बने, तब पूरा देश गौरवान्वित हुआ क्योंकि यह पहली बार था, जब कोई वैज्ञानिक राष्ट्रपति पद तक पहुंचा। राष्ट्रपति बनने के बाद भी उनकी सादगी में कोई बदलाव नहीं आया। वे केवल दो सूटकेस लेकर राष्ट्रपति भवन पहुंचे, एक में उनके कपड़े और दूसरे में उनकी पुस्तकें। उन्होंने कभी विलासिता को जीवन का हिस्सा नहीं बनने दिया। अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने मात्र दो छुट्टियां ली, एक पिता के निधन पर और दूसरी माता के देहांत पर। उनका जीवन अनुशासन और आत्मसंयम की पराकाष्ठा था। डा. कलाम की बौद्धिक दृष्टि केवल विज्ञान तक सीमित नहीं थी। वे एक गहरे चिंतक, शिक्षाविद् और लेखक भी थे। उन्होंने 30 से अधिक पुस्तकें लिखीं। उन्होंने जिस शिक्षित, आत्मनिर्भर, नैतिक और वैज्ञानिक सोच वाले भारत का सपना देखा था, वह केवल तकनीकी उपलब्धियों से नहीं, मानवीयता के उन मूल्यों से बनेगा, जिन्हें उन्होंने अपने जीवन में जिया। आज भले ही भौतिक रूप से वे हमारे बीच नहीं हैं पर उनकी आत्मा आज भी हर युवा के सपनों में, हर वैज्ञानिक की प्रयोगशाला में, हर शिक्षक की कक्षा में और हर भारतीय के दिल में जीवित है। डा. कलाम केवल भारत के राष्ट्रपति या वैज्ञानिक नहीं थे बल्कि भारत की आत्मा के प्रतिनिधि थे, जिन्होंने हमें सिखाया कि ज्ञान, विनम्रता और मानवता जब एक साथ चलते हैं तो राष्ट्र अमर हो जाता है।

## मन पतंग, श्वास डोर!



संकलित
दर्शन

केवल एक स्वस्थ कली ही खिल सकती है। उसी प्रकार केवल एक स्वस्थ व्यक्ति ही सफल हो सकता है। तो स्वस्थ होना क्या है? यदि आपके भीतर कड़ापन, बेचैनी या असंतोष है, तो आप स्वस्थ नहीं हैं। यदि मन अस्थिर और अशांत है, तो आप मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं हैं। यदि भावनाएं असंतुलित हैं, तो आप भावनात्मक रूप से स्वस्थ नहीं हैं। पूर्ण स्वास्थ्य की स्थिति प्राप्त करने के लिए मन को शांत, स्थिर और भावनाओं को कोमल रखना आवश्यक है। पूर्ण स्वास्थ्य हमारे भीतर से बाहर और बाहर से भीतर निरंतर प्रवाहित होना चाहिए। संस्कृत में स्व या आत्मा में स्थित होने को स्वास्थ्य कहते हैं। हमारे ग्रंथों में कहा गया है कि हमारा अस्तित्व के पांच कोश (परत) होते हैं। पहला है पर्यावरण, अर्थात हमारे चारों ओर का वायुमंडल- यह हमारा मूल आवरण है। दूसरा है भौतिक शरीर। तीसरा है प्राणमय कोश, अर्थात जीवन ऊर्जा। चौथा है मनोमय कोश, जिसमें विचार, भावनाएं और कल्पनाएं होती हैं। पांचवां है विज्ञानमय या अंतर्ज्ञानमय कोश, जिसमें सहज अनुभूति और गहरी समझ होती है- यह अत्यंत सूक्ष्म और प्रभावशाली है। जब कोई रोग उत्पन्न होता है, तो वह पहले विचार रूप में आता है, फिर ध्वनि रूप में, फिर प्रकाश रूप में आभामंडल में प्रकट होता है, और अंततः शरीर में दिखाई देता है।

## पांच मिनट का जीवन



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक व्यक्ति को रास्ते में यमराज मिल गए वो व्यक्ति उन्हें पहचान नहीं सका। यमराज ने पीने के लिए व्यक्ति से पानी मांगा, बिना एक क्षण गंवाए उसने पानी पिला दिया। पानी पीने के बाद यमराज ने बताया कि वो उसके प्राण लेने आए हैं लेकिन चूंकि तुमने मेरी प्यास बुझाई है इसलिए मैं तुम्हें अपनी किस्मत बदलने का एक मौका देता हूं। यह कहकर यमराज ने एक डायरी देकर उस आदमी से कहा कि तुम्हारे पास 5 मिनट का समय है। इसमें तुम जो भी लिखोगे वही हो जाएगा लेकिन ध्यान रहे केवल 5 मिनट। उस व्यक्ति ने डायरी खोलकर देखा तो उसने देखा कि पहले पेज पर लिखा था कि उसके पड़ोसी की लॉटरी निकलने वाली है और वह करोड़पति बनने वाला है। उसने वहां लिख दिया कि उसके पड़ोसी की लॉटरी न निकले। अगले पेज पर लिखा था कि उसका एक दोस्त चुनाव जीतकर मंत्री बनने वाला है, तो उसने लिख दिया कि उसका दोस्त चुनाव हार जाए। इस तरह, वह पेज पलटता रहा और अंत में उसे अपना पेज दिखाई दिया। जैसे ही उसने कुछ लिखने के लिए अपना पेन उठाया यमराज ने उस व्यक्ति के हाथ से डायरी ले ली और कहा वत्स तुम्हारा पांच मिनट का समय पूरा हुआ, अब कुछ नहीं हो सकता। तुमने अपने पूरे 5 मिनट का समय दूसरों का बुरा करने में व्यतीत कर दिया और अपना जीवन खतरे में डाल दिया, अंततः तुम्हारा अंत निश्चित है। यह सुनकर वह व्यक्ति बहुत पछताया लेकिन सुनहरा मौका उसके हाथ से निकल चुका था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### खराब सड़कों पर बढ़ता ट्रॉफिक

इन दिनों राजनानी में त्योहारों के चलते लोग खरीददारी करने आ रहे हैं। बाजार में भारी संख्या में दुकानों पर भीड़ देखने को मिल रही है, तो दूसरी और सड़कों की खराब हालत के कारण शहर में ट्रैफिक जाम का लगना आम हो गया है। शहर की मुख्य सड़क हो या मेन बाजार इन पर अब घंटों जाम लग रहा है। जिसके कारण लोगों को पैदल चलने में भी दिक्कत हो रही है। इसका सबसे बड़ा कारण सड़कों पर बनने वाले बड़े-बड़े गड्ढे हैं। जो किसी बड़ी दुर्घटना को न्योता दे रहे हैं। मेरा प्रशासन से आग्रह है कि सड़कों की मरम्मत के साथ इस पर दुकान लगाकर बैठने वालों पर उचित कार्रवाई की जाए ताकि हादसों की संभावना कम हो और लोग सुरक्षित रहें।

*- मनोज कुशवाहा, रायपुर*

## विचार

# वामपंथ की लड़ाई अब धराशायी होने जा रही

नक्सली उन्मूलन के लड़ाई में 6 करोड़ के इनामी नक्सल नेता भूपति का आत्मसमर्पण एक महत्वपूर्ण मोड़ है। एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। निश्चित ही वामपंथ की सशस्त्र लड़ाई का मॉडल अब धराशाई होने जा रहा है। भूपति के मारे जाने या गिरफ्तार किए जाने से ज्यादा महत्वपूर्ण उसका आत्मसमर्पण है। भूपति के आत्मसर्पण से सशस्त्र लड़ाई का जो वैचारिक आधार बनाया गया था उसका खोखला पन उजागर होगा। लड़ते लड़ते मर जाने की अपेक्षा आत्मसमर्पण यह सिद्ध करता है कि या तो नक्सलियों के शीर्षस्थ नेतृत्व में भी अपने विचार धारा के प्रति निष्ठा कमजोर थी या वास्तव में तो यह मानना चाहिए कि अपने आप में यह विचार ही कमजोर है।

नक्सल के खिलाफ इस निर्णायक लड़ाई का जब विश्लेषण करेंगे तो हम पाएंगे कि सफलता के इस स्तर तक आने में छत्तीसगढ़ का महत्वपूर्ण योगदान है। 2007से 2017 तक छत्तीसगढ़ में यह लड़ाई तत्कालीन राजनीतिक नेतृत्व और सुरक्षा बलों ने विशेषकर राज्य की पुलिस ने बहुत जीवटता से लड़ी।यह वह काल था जब वास्तव में देश में नक्सलियों से केवल छत्तीसगढ़ सरकार लड़ाई लड़ रही थी। उन दिनों में प्रदेश शासन को बहुत बड़े बड़े आघात सहना पड़े ,पर कभी भी राज्य सरकार का संकल्प कमजोर नहीं पड़ा।हर घटना से सरकार ओर सुरक्षा बलों ने कुछ ना कुछ सीखा।

इन आघातों ने उन्हें रणनीतिक दृष्टि से मजबूत किया। 2023 में छत्तीसगढ़ में पुनः भाजपा सरकार का आना और केंद्र में भी भाजपा सरकार का होना नक्सलवाद के खात्मे के लिए महत्वपूर्ण संयोग बना। सन 2024 और 2025 में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई की दिशा ही बदल गई।इन दो वर्षों में नक्सलियों को कई बड़े आघात झेलना पड़े ओर उनकी कमर टूट गई।

मैं पुनः दोहराना चाहता हूं कि भूपति के आत्मसर्पण ने विचार के स्तर पर नक्सलवाद की जड़े हिला दी हैं। नक्सलवाद की हार यह वास्तव में लोकतंत्र की जीत है।

भारत के गृह मंत्री अमित शाह की दृढ़ता और कुशल रणनीति , छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का नेतृत्व ,छत्तीसगढ़ के गृहमंत्री विजय शर्मा का युवकोचित सक्रियता ओर सहभागिता तथा छत्तीसगढ़ के पुलिस के रणनीतिकार अधिकारी निश्चित ही बधाई के पात्र हैं।इसके साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री डा रमन सिंह का योगदान भी इस लड़ाई के इतिहास में अवश्य रेखांकित होगा।

## करंट अफेयर

# 13 अक्टूबर आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस घोषित

संयुक्त राष्ट्र ने दिसंबर 1989 में, 13 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस घोषित किया। उस समय, इसका उद्देश्य आपदा जोखिम न्यूनीकरण को दुनिया भर में रोज़मर्रा की सोच का हिस्सा बनाना था। आज यह लक्ष्य पहले से कहीं अधिक जरूरी हो गया है, क्योंकि आपदाएं पहले की तुलना में अधिक तीव्रता और आवृत्ति से आ रही हैं। हालांकि इस दिशा में काफी प्रगति हुई है, लेकिन अब भी आपदा जोखिम और उनके प्रभावों को कम करने के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है। विशेषज्ञों का कहना है कि आपदाओं को लेकर हमारी सोच और बातचीत का तरीका भी कई बार दीर्घकालिक संकटों को नजरअंदाज कर देता है। तात्कालिक घटनाओं जैसे भूकंप, तूफान और जंगल की आग पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है, जबकि जलवायु परिवर्तन जैसे धीमी गति से बढ़ने वाले संकटों पर कम। ईश्वरीय दंड से मानवीय जिम्मेदारी तक इतिहास में आपदाओं को अक्सर ईश्वर का दंड या आस्था की परीक्षा के रूप में देखा गया।



## ऑफ बीट

# तैरते सौर पैनल होंगे भविष्य की ऊर्जा के स्त्रोत



भूमध्य रेखा के पास शांत समुद्रों में तैरते सौर पैनलों की विशाल श्रृंखला दक्षिण पूर्व एशिया और पश्चिम अफ्रीका में घनी आबादी वाले देशों को प्रभावी ढंग से असीमित सौर ऊर्जा प्रदान कर सकती है। हमारे नए शोध से पता चलता है कि अकेले इंडोनेशिया में अपतटीय सौर ऊर्जा एक वर्ष में लगभग 35,000 टेरावाट-घंटे (टीडब्ल्यूएच) सौर ऊर्जा उत्पन्न कर सकती है, जो वर्तमान वैश्विक बिजली उत्पादन (प्रति वर्ष 30,000 टीडब्ल्यूएच) के समान है। वैसे दुनिया के अधिकांश महासागर तूफानों का अनुभव करते हैं, लेकिन भूमध्य रेखा पर कुछ क्षेत्र अपेक्षाकृत ठहरे हुए और शांत हैं। इसलिए अपेक्षाकृत सस्ती इंजीनियरिंग संरचनाएं अपतटीय फ्लोटिंग सौर पैनलों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त हो सकती हैं। हमारे उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाले वैश्विक ताप मानचित्र दिखाते हैं कि नाइजीरिया के पास इंडोनेशियाई द्वीपसमूह और भूमध्यरेखीय पश्चिम अफ्रीका में अपतटीय तैरते सौर पैनलों के लिए सबसे बड़ी संभावना है। सदी के मध्य तक सौर ऊर्जा नियम वर्तमान रुझानों को देखते हुए लगता है वैश्विक अर्थव्यवस्था 2050 तक बड़े पैमाने पर डीकार्बोनाइज्ड और विद्युतीकृत हो जाएगी

## संक्षेप

### शिक्षक श्यामलाल निषाद के समर्थन में प्रदर्शन

**बहाली और केस खत्म करने की उठाई मांग, एफआईआर के बाद हुए थे निलंबित**

सुलतानपुर, शिक्षक श्यामलाल निषाद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने और उनके निलंबन के विरोध में 'मछुआ कल्याण संस्थान' ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। संस्थान ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम बिपिन द्विवेदी को सौंपा, जिसमें निलंबन रद्द करने और सेवा में बहाली की मांग की गई है। संस्थान के अनुसार, यह मामला 2 अक्टूबर का है। उस दिन ग्राम अमरेमऊ, करौंदी कला स्थित बौद्ध विहार में सम्राट अशोक जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान शिक्षक श्यामलाल निषाद ने सामाजिक सुधार की भावना से प्रेरित होकर 'संविधान विरोधी, आरक्षण विरोधी और आपराधिक प्रवृत्ति के बाबाओं' के खिलाफ टिप्पणी की थी। संस्थान का तर्क है कि निषाद का यह वक्तव्य भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51 के तहत वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सुधारवादी विचारों को बढ़ावा देने की नागरिक जिम्मेदारी के अनुरूप था।

### दहेज के लिए पत्नी को निकाला, दूसरी शादी की

**मारुति कार या 8 लाख रुपए की मांग, एक साल पहले हुई थी शादी**

सुलतानपुर, धनपतगंज बाजार निवासी पूनम जायसवाल उर्फ गोल्डी ने अपने पति और ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पूनम ने महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उसके पति ने दहेज में मारुति कार या आठ लाख रुपए की मांग की और बाद में दूसरी शादी भी कर ली। पूनम का विवाह 21 अप्रैल 2024 को अमेठी के चंदौकी निवासी जगन्नाथ जायसवाल से हुआ था। पूनम के अनुसार, शादी के दिन से ही पति जगन्नाथ, ससुर रामसुरेश, जेठ सतीश, जेठानी शिल्पा और देवर अमरनाथ दहेज की मांग करने लगे। पूनम के पिता ने शादी में 1 लाख 51 हजार रुपए नकद तिलक के रूप में और घरेलू सामान दिया था। 22 अप्रैल 2024 को ससुराल पहुंचने पर पति और ससुराल वालों ने उसे ताना देना शुरू कर दिया। उन्होंने पूनम को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया।

### सीएचसी में महिला की मौत, हटाए गए अधीक्षक

**जांच में सामने आई लापरवाही, पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं**

सुलतानपुर, लंभुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सी.एच.सी) में इलाज न मिलने के कारण एक 65 वर्षीय महिला की मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि महिला एक घंटे तक वार्ड में तड़पती रही, लेकिन कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। इस मामले में प्रारंभिक जांच के बाद सी.एच.सी अधीक्षक को पद से हटा दिया गया है। मझुई लाल का पुरवा (अवसानपुर) निवासी मोमिना (65) पत्नी सन्नाम खान को मंगलवार सुबह घबराहट और बेचैनी की शिकायत हुई थी। उनकी बेटी सुबह 8 बजे उन्हें सीएचसी लेकर पहुंची। बेटी के अनुसार, उन्होंने डॉक्टरों को ढूंढने की काफी कोशिश की, लेकिन एक घंटे तक कोई चिकित्सक इलाज के लिए नहीं पहुंचा, जिसके बाद महिला ने दम तोड़ दिया।

## छात्राओं ने बनायी पहलगाम हमला और आपरेशन सिंदूर आधारित आकर्षक रंगोली

### जनसंरक्षण तथा सोशल मीडिया के दुरूपयोग को भी रंगोली के माध्यम से उकेरा

### एनडीए कैडेट के साथ हुई घटना का भी रंगोली में किया चित्रण

**अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा**






बहराइच। पंडित राधेश्याम सरस्वती इण्टर कालेज चर्दा में शुक्रवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा 6 से कक्षा 12 तक की छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय परिसर में छात्राओं की ओर से समसमायिक विषयों के साथ देश की सुरक्षा, संरक्षा, जलसंरक्षण, सोशल मीडिया के दुरूपयोग, सीनियर छात्रों की ओर से जूनियर छात्र-छात्राओं की रैगिंग का रंगोली के माध्यम से बेहतरीन चित्रण करते हुए लोगों को जागरूक किया गया। छात्राओं ने जहां पहलगाम हमले के बाद आपरेशन सिंदूर का बेहतरीन चित्रण करते हुए दुश्मनों को चेतावनी दी गयी वहीं क्रिकेट खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन को भी रंगोली के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। विद्यालय परिसर में कक्षा 10 की छात्राओं आकृति सिंह, सौम्या सिंह, कसिस जायसवाल, खुशबू जायसवाल, आशी जायसवाल की ओर से पहलगाम में पर्यटकों पर किए गए कायराना हमले का चित्रण करते हुए रंगोली के माध्यम से देश वासियों के आक्रोश को जहां प्रदर्शित किया। वहीं आपरेशन सिंदूर के माध्यम से की गयी कार्रवाई को रंगोली के माध्यम से दुश्मन ताकतों को दिए गए जवाब को उकेरा। कक्षा 9 की छात्राओं सौम्या सिंह, उन्नति जायसवाल, मोबिया खान, हंसिका यादव, अराध्या त्रिपाठी ने उच्च कक्षाओं और प्रशिक्षण के दौरान सीनियर छात्र-छात्राओं की ओर से की जा रही रैगिंग और उससे जुनियर छात्र पर पड़ने वाले प्रभाव को रंगोली के माध्यम से प्रदर्शित किया। इसके साथ ही क्षेत्र के भवनियापुर निवासी एनडीए कैडेट्स आंतरिक्ष सिंह की राहस्यमय मौत का चित्रण कर लोगों में जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया। कक्षा 7 की छात्राओं काव्या जायसवाल, पाखुन्डी जायसवाल, योग्यता पाण्डेय, अनुज्ञा पाठक, अस्तुती जायसवाल के साथ दूसरे कक्षाओं की छात्राओं ने जल संरक्षण और सोशल मीडिया के दुरूपयोग से होने वाली हानियों से सम्बंधित रंगोली सजायी। जिसके माध्यम से आमजन को होने वाली हानियों के प्रति सजग किया। यह दशार्या कि भविष्य में इसके घातक परिणाम हो सकते है। कक्षा 12 की छात्राओं ने आईसीसी एशिया कप में भारत की जीत की थीम पर रंगोली का सजग चित्रण करते हुए खिलाड़ियों का उत्सहवर्धन किया। कक्षा 11 की छात्राओं ने प्लाथीन के प्रयोग से होने वाली हानियों के प्रति लोगों को अगाह किया। निर्णायक मण्डल के प्रमुख सीएचसी अधीक्षक चर्दा डा. महेश विश्वकर्मा ने पहलगाम हमले, आपरेशन सिंदूर, एनडीए कैडेट आंतरिक्ष सिंह की राहस्मय मौत और सोशल मीडिया के दुरूपयोग पर आधारित रंगोली सजाने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के संयोजक विद्यालय के प्रबंधक/अध्यक्ष कौशलेन्द्र पाण्डेय रहे। जबकि छात्राओं का उत्सहवर्धन अध्यापक निशात खान, बीएस वाजपेयी, एके त्रिपाठी, शिवम मिश्र, आशीष शर्मा, उप प्राचार्य ज्ञानेन्द्र भूषण पाठक आदि ने किया। संचालन अभय दीक्षित ₹टिंकू सरर₹ द्वारा किया गया।

## जिलाधिकारी से मिले महासंघ जिलाध्यक्ष, शिक्षक समस्याओं पर वार्ता

**अमन लेखनी समाचार**



बाबागंज, बहराइच। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी से बीते गुरुवार राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिलाध्यक्ष आंनद मोहन मिश्र ने शिक्षकों की लंबित बिभिन्न समस्याओ के निस्तारण हेतु मुलाकात की और अविलंब निस्तारण हेतु बात रखी। जिलाध्यक्ष श्री मिश्र ने बताया कि 1-2 दिनों की वेतन कटौती, लंबित चयन वेतनमान, महानिदेशक द्वारा आदेश के अनुपालन में किसी अनुपस्थित शिक्षक / शिक्षिका का यदि आकस्मिक अवकाश अवशेष है तो उक्त दिवस का अवकाश घटाने, बाल्य देखभाल अवकाश 30 दिन में एक साथ स्वीकृति, विकास खंडो में शिक्षकों की ऑनलाइन सर्विस बुक की रिक्त प्रविष्टियां पूर्ण करने, पात्र शिक्षकों को दिव्यांग भत्ते, विषम परिस्थितियों को छोड़कर ऑफलाइन निरीक्षक पर रोक, शिक्षकों का पक्ष जाने बिना एक तरफा कार्यवाही पर रोक, एफएलएन प्रशिक्षण में पयागपुर के शिक्षकों की रोकी गई अस्थाई वेतनवृद्धि सामूहिक रूप से बहाल करने की मांग की गई है। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा जल्द ही मुख्य विकास अधिकारी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के समक्ष संगठन की बैठक कराकर सभी लंबित समस्याओ के निस्तारण का आश्वासन दिया। बताते चले जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय की कोरी आश्वासन प्रणाली से अप्रसन्न होकर शिक्षक/शिक्षिकाओं की विभिन्न लंबित शिक्षक समस्याओं के समयबद्ध निस्तारण करवाने के लिए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी से मिलकर सभी बिंदुओं पर तार्किक बात रखी गई है। इस बावत जिलाधिकारी द्वारा बहुत ही सुखद माहौल और सकारात्मक वार्ता हुई। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष पंकज वर्मा ने भी शिक्षकों की समस्याओ के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी से अनुरोध किया है। इस मौके पर सगीर अंसारी जिला कोषाध्यक्ष मौजूद रहे।

## धारा-24 के लम्बित वादों के निस्तारण हेतु जनपद में संचालित होगा महा अभियान

### डीएम अक्षय त्रिपाठी की अभिनव पहल

**अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा**



बहराइच। बुधवार को देर शाम जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा जिले के समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल के साथ वर्चुअल बैठक कर धारा-24 के राजस्व वादों की गहन समीक्षा की गई। उल्लेखनीय है कि पूर्व में की गई बैठक में पक्की मेडबंदी के लंबित प्रकरण संकलित करने से ज्ञात हुआ कि विगत 03 वर्षो में धारा-24 के निस्तारित राजस्व वादो में कैसरगंज में 167, नानपारा में 202, पयागपुर 110, सदर में 96, महसी में 134, मिहींपुरवा 79 इस प्रकार जनपद में कुल 788 मामले पक्की मेड़बन्दी हेतु लम्बित है। डीएम श्री त्रिपाठी द्वारा समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल को निर्देशित किया गया की 15 अक्टूबर से खेतों की कटाई शुरू हो जाने से खेत खाली हो जायेंगे, इसलिए इस स्थिति का लाभ उठाते हुए आगामी 1-2 महीनों में जनपद में लम्बित सभी (मेड़बन्दी) धारा-24 के राजस्व वादों का यथाशीघ्र अभियान संचालित कर निस्तारण कराया जाय। डीएम द्वारा सभी सम्बन्धित को यह भी निर्देश दिया गया कि धारा-24 के सभी वाद ऑनलाइन दर्ज कर लिए जाए तथा लम्बित वादो में समय से सभी सीमांकन आख्या प्राप्त कर राजस्व वादो का समयान्तर्गत निस्तारण कर मेड़बन्दी करा दी जाये ताकि अभियान के उपरान्त कोई भी मेड़बन्दी के प्रकरण लम्बित न रहें।

## पीड़ित परिजनों के साथ है भाजपाः डॉ आनंद गोंड

### बहराइच सांसद ने रक्षा मंत्री राजनाथ को लिखा पत्र

**अमन लेखनी समाचार**



बाबागंज, बहराइच। बहराइच जनपद के नरैनापुर (सुमेरपुर) निवासी प्रशिक्षु लेफ्टिनेंट कर्नल अंतरिक्ष कुमार सिंह (18) की संदिग्ध परिस्थितियों में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी पुणे में मौत हो गई थी। उक्त दिवस से परिजन, क्षेत्रीय युवा, समाजसेवी एवं विभिन्न राजनीतिक पार्टी के जनप्रतिनिधिओं द्वारा अंतरिक्ष के परिवार को न्याय दिलाने एवं दोषी व्यक्तियों पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग कर रहे है।

बहराइच सांसद डॉ आनंद कुमार गोंड ने शुक्रवार अंतरिक्ष के पैतृक गांव नरैनापुर पहुंचकर परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी आपके साथ है। केंद्र की सरकार पर विश्वास रखें मौत के जिम्मेदारों पर कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी। तत्पश्चात कैडेट अंतरिक्ष सिंह को जल्द न्याय मिले इसके लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र लिखकर कठोरतम व निष्पक्ष जांच की मांग की है। पत्राचार के माध्यम से रक्षा मंत्री को अवगत कराया है कि 10 अक्टूबर को एनडीए प्रशासन द्वारा अंतरिक्ष के परिजनों को सूचना दी गई कि कैडेट अंतरिक्ष सिंह का निधन हों गया है। जब परिजन पार्थिव शरीर लेने पुणे पहुंचे तो उन्होंने देखा कि शव मर्चरी में रखा था किन्तु वहां की पुलिस एवं प्रशासन ने परिवार को कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई और न सीसीटीवी फुटेज दिखाई गए। परिवार का लिखित प्रार्थना पत्र भी नहीं लिया गया। थाना उत्तमनगर खड़वासला पुलिस द्वारा परिजनों के बयान मराठी भाषा में गलत रूप से दर्ज करना, बिना उचित जांच के प्रकरण को बंद करने का प्रयास करना जिससे परिवार को गहरी पीड़ा पहुंची है। कैडेट अंतरिक्ष सिंह के प्रकरण की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच, 9-10 अक्टूबर की राष्ट्रीय रक्षा अकादमी की सभी फुटेज, सीनियर कैडेट या उच्च व्यक्ति की संलिप्तता पाई जाने पर कठोरतम दंडात्मक कार्यवाही की मांग की है। इस मौके पर रणविजय सिंह जिला उपाध्यक्ष भाजपा, मानवेन्द्र प्रताप सिंह, कल्याण सिंह, ग्राम प्रधान अतुल सिंह, धर्मवीर सिंह, रमन सिंह, प्रशांत सिंह, पियूष सिंह, हर्षोदय सिंह आदि उपस्थिति रहे।

## दिनदहाड़े धारदार हथियार से 50 वर्षीय व्यक्ति की निर्मम हत्या, क्षेत्र में सनसनी

**अमन लेखनी समाचार**



बहराइच। बीते शुक्रवार को जनपद मे उस समय सनसनी फैल गई जब दिन के करीब 02.45 बजे थाना कोतवाली नानपारा अंतर्गत फुलवरिया गाँव में एक व्यक्ति सहबूब अली, जो बाजार से अपने गाँव जा रहा था, जिसकी रास्ते में किसी ने पीछे से आकर धारदार हथियार से हमला कर उसकी निर्मम हत्या कर दी। ग्रामीणों की सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुँची तो देखा कि सहबूब अली उर्फ छोटकउ पुत्र शाह मोहम्मद निवासी फुलवरिया उम्र करीब 50 वर्ष जिनकी मौके पर मृत्यु हो गयी थी। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए मृतक के शव को पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया। सूचना पर मौके पर मृतक के परिवारीजन भी आ गये। पुलिस के अनुसार समाचार लिखे जाने तक मृतक के परिजनों से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई थी, लेकिन प्राथमिक पूछताछ से यह तथ्य सामने आया है कि वर्ष 2005 में मृतक अपने खालाजात भाई इंसान अली की हत्या में जेल जा चुका था और उस केस में उसे न्यायालय द्वारा सजा भी दी जा चुकी थी और सजा की अवधि पूर्ण कर कुछ समय पूर्व वह जेल से बाहर आया था तथा वर्तमान में अपने गाँव में निवासरत था। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी के अनुसार पुलिस द्वारा घटना के सभी पहलुओं की गहन जाँच की जा रही है। जैसे ही इस विषय में तहरीर प्राप्त होती है, सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## एनडीए कैडेट अंतरिक्ष सिंह की मौत पर परिवार ने लगाया हत्या का आरोप

### स्थानीय विधायक ने दिया न्याय दिलाने का आश्वासन

**अमन लेखनी समाचार**

**मोहम्मद कौसर**



रूपईडीहा, बहराइच। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) पुणे खड़कवासला में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे एयरफोर्स कैडेट अंतरिक्ष कुमार सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला लगातार गहराता जा रहा है। परिजन, क्षेत्रीय युवा और जनप्रतिनिधि सोशल मीडिया, रैलियों और ज्ञापनों के माध्यम से अंतरिक्ष को न्याय दिलाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

#### परिवार ने लगाया हत्या का आरोप

अंतरिक्ष सिंह का पार्थिव शरीर जब उनके पैतृक गांव नरैनापुर (थाना रुपईडीहा) पहुंचा, तभी से परिजन उनकी मौत को लेकर सवाल उठा रहे हैं। अंतरिक्ष की मां ने बताया कि पुणे स्थित कमरे में उनका सामान बिखरा पड़ा था और पंखा इतनी ऊँचाई पर था कि वहां तक पहुँचना उनके बेटे के लिए संभव नहीं था। उन्होंने आरोप लगाया कि अंतरिक्ष की हत्या कर उसे फांसी पर लटकाया गया है।

#### विधायक ने जताई संवेदना, दिलाया न्याय का भरोसा

घटना की जानकारी मिलते ही नानपारा विधायक राम निवास वर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नरैनापुर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने परिवार को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस प्रतिनिधिमंडल में भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष राहुल रॉय, युवा मोर्चा के जिला संयोजक अरुणेंद्र प्रताप सिंह, जिला महामंत्री अखिलेश यादव गोले, पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष कृपाराम वर्मा, और मंडल अध्यक्ष महाराजदीन वर्मा शामिल रहे। सभी नेताओं ने कहा कि अंतरिक्ष सिंह की मौत की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाई जाएगी ताकि परिवार को न्याय मिल सके।

## बालिकाओं व महिलाओं को दी गई मिशन शक्ति की जानकारी

**अमन लेखनी समाचार**




बहराइच। बीते गुरुवार को मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिला थाना बौंडी की मिशन शक्ति टीम ने बच्चियों को उच्चाधिकारी द्वारा दिए गये आदेशो निदेर्शों के क्रम मे तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजना के बारे मे तथा साइबर सुरक्षा के बारे में व बालिकाओं से उनकी समस्याओं को मद्देनजर रखते हुए महिलाओं पर हो रहे अपराध के प्रति उन्हें जागरूक किया गया। बच्चियों को महिला संबंधी घटित अपराध की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1090, 1098, 1076, 112, 181, 108 व साइबर संबंधित अपराध के शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1930 की जानकारी दी गई तथा सरकारी योजनाएं जैसे कन्या सुमंगला योजना, मातृ वंदना योजना, वृद्धा पेंशन योजना, मानव तस्करी, बाल विवाह के खिलाफ शपथ व बालिकाओं से उनकी समस्याओं के बारे में पूछताछ करते हुए जानकारी दी गयी। बौंडी थानाध्यक्ष त्रिलोकी नाथ मौर्य, एसआई ज्ञान मणि त्रिपाठी, एसआई एकता शुक्ला व आरक्षी ज्योति सिंह मौजूद रहीं।

## मुर्तिहा पुलिस ने 10 वारंटियों को किया गिरफ्तार




**अमन लेखनी समाचार**

मोतीपुर, बहराइच। अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे हैं अभियान के अंतर्गत मुर्तिहा कोतवाल रामनरेश यादव के द्वारा कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न गांवों से 10 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तार होने वालों में निरंकार, सम्भारी, सांवरा देवी, रामनारायण, हीरालाल, सालिकराम शत्रोहन, राजेश कुमार, रामानंद आदि शामिल है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उप निरीक्षक छोटेलाल सिंह, प्रमोद कुमार वर्मा, सुरेश कुमार पाल, कमलेश सिंह, अमित कुमार, हेड कांस्टेबल रवि शंकर पांडे, श्री प्रकाश सिंह, रविंद्र कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। कोतवाल रामनरेश यादव ने बताया कि अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ पुलिस लगातार एक्शन में कार्य कर रही है।

## जनपद में अब तक नष्ट किया गया कुल 12.74 कुण्टल दूषित मिलावटी खाद्य पदार्थ

### जिले में संग्रहीत किये गये 65 नमूने

**अमन लेखनी समाचार**

**संतोष मिश्रा/मिथिलेश जायसवाल**



बहराइच। आसन्न त्यौहारों दीपावली, गोर्वधन पूजा एवं भाईदूज के अवसर पर मिलावटी खाद्य पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से शासन व जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा संचालित अभियान के अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की 03 टीमों द्वारा तहसील प्रशासन के साथ विशेश्वरगंज बाजार, मिहींपुरवा एवं महराजगंज, मेटुकहा चैराहा में छापामार कार्यवाही की गई। छापामारी की कार्यवाही के दौरान विशेश्वरगंज बाजार में फैजाबाद से लायी गयी खोया, पनीर पकडी गयी। आभा स्वीट्स, विशेश्वरगंज से 03 कुन्तल खोया, 80 कि.ग्रा. पनीर एवं 150 कि.ग्रा. दूषित रंगीन सोन पापडी जब्त कर नष्ट कराया गया तथा बंगाली स्वीटस विशेश्वरगंज से 100 कि.ग्रा. दूषित सोन पापडी एवं 50 कि.ग्रा. दूषित छेना रसगुल्ला जब्त कर नष्ट कराया गया। उक्त प्रतिष्ठानों से खोये, पनीर एवं सोन पापडी के नमूनें भी संग्रहीत किये गये। इसी प्रकार मिहींपुरवा/मोतीपुर में कार्यवाही करते हुए 65 कि.ग्रा. खोया जब्त कर नष्ट कराया गया तथा खोये का नमूना संग्रहीत किया गया। जबकि महसी तहसील में स्थित महराजगंज एवं मेटुकहा चैराहा पर छापाकर छेने मिठाई के नमूनें संग्रहीत किये गये। उल्लेखनीय है कि अब तक तहसील प्रशासन एवं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से संचालित अभियान के दौरान 120 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया तथा 51 स्थानों पर छापा मारकर कुल 65 नमूने संग्रहीत किये गये एवं 12.74 कुण्टल दूषित मिलावटी खोया, पनीर, मिठाई इत्यादि खाद्य पदार्थ नष्ट कराये गये तथा 132 कि.ग्रा. रिफाइण्ड राइस ब्रान आयल सीज किया गया।

## उज्ज्वला लाभार्थियों को 559.58 रुपये की सब्सिडी मिली

### सुल्तानपुर में मुफ्त सिलेंडर रिफिल के लिए डीबीटी से खाते में भेजी गई राशि

**अमन लेखनी समाचार**



सुलतानपुर, उज्ज्वला योजना के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेंडर रिफिल सब्सिडी के प्रतीकात्मक चेक दिए गए। इसी क्रम में, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने दीपावली के अवसर पर लखनऊ में भी लाभार्थियों को सब्सिडी वितरित की। सुल्तानपुर जनपद में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के कुल 2,29,483 लाभार्थी हैं। प्रत्येक लाभार्थी को 559.58 रुपए की सब्सिडी राशि सीधे उनके बैंक खाते में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से भेजी गई है। यह राशि निःशुल्क सिलेंडर रिफिल के लिए प्रदान की गई है। सुल्तानपुर के नवीन सभागार कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में गीता, सुषमा देवी, पिंकी, रजनी मिश्रा और दिव्या देवी सहित अन्य लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए गए। इस दौरान सदस्य विधान परिषद (सुल्तानपुर-अमेठी) शैलेंद्र प्रताप सिंह, विधायक (कादीपुर) राजेश गौतम और भाजपा जिलाध्यक्ष सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में जनपद के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, खाद्य व रसद विभाग के अधिकारी और तेल कंपनियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। उधर मुख्यमंत्री द्वारा लखनऊ के लोकभवन सभागार में पूर्वाह्न 11 बजे आयोजित कार्यक्रम में भी प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए। जिसका सीधा प्रसारण देखा गया।

## युवक की धारदार हथियार से हत्या

### दुकानदार ने किया हमला, दोस्त को भी मारा, एक गिरफ्तार, दूसरा फरार

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी तहसील, संग्रामपुर थाना क्षेत्र के भौसिंहपुर गांव में रात मामूली विवाद में एक युवक की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान राहुल यादव (25) के रूप में हुई है, जबकि उसका साथी कोहरा महमदपुर गांव निवासी चंदन विश्वकर्मा (24) घायल हो गया। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। घायल चंदन विश्वकर्मा के अनुसार, वह राहुल यादव, कृष्णा वर्मा और एक अन्य युवक के साथ दो बाइक से कालिकन धाम दर्शन करने आया था। दर्शन के बाद लौटते समय, वे भौसिंहपुर में शराब के ठेके के पास लइया-चना का भूजा खरीदने के लिए रुके। इसी दौरान दुकानदार से उनका विवाद हो गया। अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर संग्रामपुर थाना प्रभारी तत्काल मौके पर पहुंचे। वहां राहुल यादव और चंदन विश्वकर्मा घायल अवस्था में मिले। दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने राहुल यादव को मृत घोषित कर दिया। चंदन का प्राथमिक उपचार किया गया। चंदन के मुताबिक, विवाद बढ़ने पर दुकानदार अशोक कश्यप ने राहुल पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। बीचबचाव करने पर चंदन को भी पीटा गया। एएसपी ने जानकारी दी कि पुलिस ने जियालाल को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मुख्य आरोपी अशोक कश्यप की तलाश में पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक ने रात में ही घटनास्थल का निरीक्षण किया।

## संक्षेप

### पुलिस ने 150 मोबाइल किए बरामद

**सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज खोए मोबाइल हुए बरामद, लोग बोले – विश्वास नहीं था कि वापस मिलेगा**

गाजियाबाद, पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए अलग अलग कंपनियों के कुल 150 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इनकी अनुमानित कीमत लगभग 35 लाख रुपये बताई जा रही है। ये सभी मोबाइल उनके मालिकों को लौटा दिए गए हैं। यह कार्रवाई सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज चोरी, स्नैचिंग और मोबाइल गुम होने की शिकायतों के आधार पर की गई। सर्विलांस और स्वाट टीमों ने तकनीकी साक्ष्यों और मैनुअल इनपुट की सहायता से मोबाइल ट्रेस कर बरामदगी की। टीमों ने फोन की लोकेशन और नेटवर्क डाटा का विश्लेषण कर मोबाइल की पहचान सुनिश्चित की। बरामदगी में थाना कोतवाली नगर और विजयनगर से 40-40, सिहानीगेट से 15, नंदग्राम से 17, कविनगर से 14, मधुबन बापुधाम से 18 और साइबर थाने से 6 मोबाइल बरामद हुए। मोबाइल मिलने के बाद लोगों ने कहा कि जब हमारा मोबाइल गायब हुआ था तब उम्मीद नहीं थी कि वापस मिलेगा लेकिन कल अचानक थाने से फोन आया कि आपका मोबाइल वापस मिल गया है आकर ले जाइए। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य तकनीक के माध्यम से लोगों की खोई हुई वस्तुएं वापस दिलाना और अपराधियों पर अंकुश लगाना है। पुलिस कमिश्नरेट ने नागरिकों से अपील की है कि यदि उनका मोबाइल चोरी या गुम हुआ है तो उसकी जानकारी सीईआईआर पोर्टल पर अवश्य दर्ज कराएं।

### हवा में उछलकर पलटी कार


**नगर आयुक्त आवास के पास रात में एक्सीडेंट, डिवाइडर से टकराई गाड़ी, 3 की हालत गंभीर**

मेरठ, भीषण हादसा हो गया। यहां नगरायुक्त आवास के सामने तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में एक महिला भी है। दो लोगों की हालत चिंताजनक बनी है। दिल्ली नंबर एक कार तेज रफ्तार में एसएसपी आवास की तरफ से कमिश्नरी चौराहे की तरफ बढ़ी। कार की रफ्तार बहुत तेज थी। नगरायुक्त आवास वाले मोड़ पर अचानक चालक का स्टेयरिंग से नियंत्रण खो गया और कार रफ्तार में सामने डिवाइडर से जा टकराई। हादसा देख राहगीरों ने पुलिस का सूचना दी। घायलों की पहचान मोदीपुरम निवासी शुभांकर व अनुराधा के रूप में हुई है। शुभांकर का जन्मदिन था जो डिनर के लिए पत्नी अनुराधा को लेकर निकला था। हादसे के बाद जुटी भीड़ ने कार में मौजूद लोगों को संभाला। अंदर तीन लोग मौजूद थे। चालक के अलावा दो लोग थे जो बेसुध पड़े थे। बारी बारी तीनों को बाहर निकाला गया। तब तक सिविल लाइन एसएचओ सौरभ शुक्ला भी वहां पहुंच गए। पुलिस ने तत्काल सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो टक्कर लगने के बाद कार ने हवा में कई कलाबाजी खाई। रात का समय था, इसलिए केवल कार में मौजूद लोगों ने ही इस हादसे को झेला। दिन होता तो हादसा बड़ा रूप ले सकता था। क्योंकि यह भीड़भाड़ वाला स्पॉट है।

# 55.57 लाख की साइबर ठगी

## एपीके फाइल और ऑनलाइन शॉपिंग के नाम पर फ्रॉड, तीन मामले दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**



प्रयागराज, सिविल लाइंस व झूंसी इलाकों में रहने वाले तीन लोगों से साइबर ठगों ने अलग-अलग तरीकों से कुल 55.57 लाख रुपए की ठगी कर ली। ठगों ने उन्हें फेसबुक पर दोस्ती, शेयर बाजार में निवेश, एपीके फाइल डाउनलोड करवाने और ऑनलाइन शॉपिंग के नाम पर चूना लगाया। सभी मामलों में साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। झूंसी निवासी एक दवा कारोबारी ने बताया कि उनकी फेसबुक पर एक युवती अनिका कॉर्टज से दोस्ती हुई। उसने खुद को गुरुग्राम निवासी बताया और शेयर बाजार में मोटा मुनाफा कमाने का झांसा दिया। एक वेबसाइट का लिंक भेजकर खाता खुलवाया गया। शुरूआत में कुछ मुनाफा दिखाने के बाद जब कारोबारी ने रकम निकालने की कोशिश की तो अड़ंगा लगा दिया गया। ठगों ने कभी एक लाख डॉलर जमा करने, तो कभी फीस के नाम पर रकम मांगी। इस बीच कारोबारी ने दोस्तों और रिश्तेदारों से पैसे लेकर 31.91 लाख रुपये खाते में भेज दिए। बाद में पता चला कि पूरा निवेश फर्जी था और बैंक में कोई रकम नहीं पहुंची। सिविल लाइंस निवासी रिटायर्ड प्रोफेसर के व्हॉट्सएप पर 14 अगस्त को अंजान नंबर से कॉल आई। इसके बाद उन्हें एक एपीके फाइल भेजी गई। जैसे ही उन्होंने उस पर क्लिक किया, मोबाइल हैंग हो गया। कुछ देर बाद पता चला कि उनके बैंक खाते से 17.34 लाख रुपये गायब हो चुके हैं। पुलिस बैंक डिटेल के आधार पर ठगों की पहचान में जुटी है। झुंसी की रहने वाली महिला शिक्षिका ने बताया कि 11 अक्तूबर को उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक व्यक्ति श्रवनी आनंद महादेश्वर से संपर्क किया।

मंदिर की कीमत 3,000 रुपये बताई गई। जैसे ही शिक्षिका ने भुगतान किया, उन्हें लालच दिया गया कि रकम दोगुनी वापस होगी। इसी प्रलोभन में फंसाकर ठग ने उनसे 6.32 लाख रुपये ठगा।

साइबर थाना प्रभारी अनिल कुमार वर्मा ने कहा कि सभी मामलों में खातों और डिजिटल ट्रांजक्शन की जांच कर आरोपियों की पहचान की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सोशल मीडिया पर किसी अनजान व्यक्ति या लिंक पर भरोसा न करें।

# स्कूल गेट गिरने से बच्चे की मौत, एफआईआर नहीं हुई दर्ज

## पिता बोले – प्रधान नहीं स्कूल की लापरवाही से बेटा मरा, प्रधान संघ ने खोला मोर्चा

**अमन लेखनी समाचार**



प्रयागराज, धमौर कंपोजिट स्कूल में गेट गिरने से छात्र ईशु पाल की मौत को 9 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक एफआईआर दर्ज नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि किसी जिम्मेदार व्यक्ति ने तहरीर नहीं दी है। हादसे के बाद शिक्षा विभाग ने स्कूल प्रिंसिपल को निलंबित कर दिया था। डीपीआरओ ने पंचायत सचिव को भी सस्पेंड किया था। जिलाधिकारी ने घटना की गंभीरता को देखते हुए सीडीओ से जांच रिपोर्ट मांगी थी। रिपोर्ट आने के बाद एडीओ पंचायत, बहरिया को एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया गया था। लेकिन, नौ दिन बीत जाने के बाद भी एडीओ पंचायत ने थाने में तहरीर नहीं दी है। जैसे ही एफआईआर दर्ज करने की बात सामने आई, बहरिया प्रधान संघ धमौर के प्रधान मान सिंह के समर्थन में उतर आया। प्रधान संघ ने ब्लॉक मुख्यालय से लेकर डीएम कार्यालय तक प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रधान को निर्दोष बताया और चेतावनी दी कि अगर उनके साथी पर फर्जी एफआईआर दर्ज की गई तो 84 गांवों के विकास कार्य रोक दिए जाएंगे। संघ का कहना है कि गेट के रखरखाव की जिम्मेदारी स्कूल प्रिंसिपल की थी, इसलिए लापरवाही के लिए स्कूल प्रशासन पर ही एफआईआर दर्ज होनी चाहिए।

# 25 हजार के इनामी अफजल के पैर में मारी गोली

## गाजियाबाद में गैंग बनाकर महिलाओं से लूट कर रहा था, बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट

**अमन लेखनी समाचार**



गाजियाबाद, इंदिरापुरम पुलिस ने 25 हजार के इनामी बदमाश अफजल को पैर में गोली मारकर पकड़ा है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह लगातार एनसीआर में गैंग बनाकर महिलाओं से लूट की घटनाएं कर रहा था। जिस पर लोनी, इंदिरापुरम व अलग अलग थानों में केस दर्ज हैं। हर लूट की घटना में चोरी की बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चलता था। इंदिरापुरम रल्ठड रविंद्र गौतम पुलिस टीम के साथ वसुंधरा टी प्वाइंट पर चेकिंग कर रहे थे। इस बीच हिंडन पुलिस की तरफ से आ रहे बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया। जिसके बाद युवक ने बाइक नहीं रोकी और बाइक दौड़ा दी। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए पीछा किया। जिसकी बाइक फिसलकर गिर गई। इस बीच पुलिस पर तमंचे से एक राउंड फायर किया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली मारकर पकड़ लिया। घायल ने अपना नाम अफजल पुत्र अनवर निवासी लक्ष्मी गार्डन थाना लोनी बार्डर बताया। पुलिस ने बताया कि अफजल ने एक महीने पहले अपने गैंग के साथ वसुधंरा सेक्टर आठ में लूट की थी। इसी घटना में वह फरार चल रहा था। जिस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। इसके बाद वह दिल्ली फरार हो गया।

# उज्ज्वला लाभार्थियों को मिला मुफ्त गैस सिलेंडर

## दीपावली पर सरकार ने रिफिल सब्सिडी का किया वितरण

**अमन लेखनी समाचार**




बागपत, दीपावली के अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को सरकार ने गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का तोहफा दिया है। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से 1,500 करोड़ की धनराशि से 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को इस अभियान का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 1 मई 2016 को गरीब परिवारों की महिलाओं को निःशुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। इसका लक्ष्य महिलाओं को चूल्हे के धुएँ से मुक्ति दिलाकर स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देना, महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करना और ग्रामीण आबादी को स्वास्थ्य संबंधी खतरों से बचाना है। इसी क्रम में जनपद बागपत में सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लखनऊ से हुए लाइव प्रसारण को भी देखा गया। जनपद बागपत में उज्ज्वला योजना के 72,458 लाभार्थी पंजीकृत हैं, जिनमें से 60,000 लाभार्थियों की ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इस अवसर पर सांसद डॉ. सांगवान ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को सब्सिडी के चेक और सिलेंडर वितरित किए। जिला पूर्ति अधिकारी अनूप तिवारी ने बताया कि जनपद के सभी 60,000 उज्ज्वला गैस कनेक्शन लाभार्थियों को शासन की मंशा के अनुसार निःशुल्क एलपीजी रिफिल प्रदान किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने स्पष्ट किया कि लाभार्थी पहले उपभोक्ता दर पर भुगतान कर रिफिल प्राप्त करेंगे।

# किसानों ने उठाई मुआवजे और भुगतान की मांग

## यमुना कटान, फसल नुकसान और गन्ना भुगतान पर अधिकारियों से की शिकायत

**अमन लेखनी समाचार**




बागपत, विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी अस्मिता लाल, मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार, अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। किसानों ने यमुना नदी से भूमि कटान, फसल नुकसान के मुआवजे और मलकपुर गन्ना मिल के शीघ्र भुगतान की मांग उठाई। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के जिलाध्यक्ष प्रताप गुर्जर ने कहा कि यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से किसानों को भारी नुकसान हुआ है, जिसका शीघ्र मुआवजा मिलना चाहिए। किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के खिलाफ भी शिकायतें दर्ज कराईं। उन्होंने बताया कि हाईवे पर लाइटें नहीं हैं और जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं, जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है। भारतीय किसान यूनियन के एनसीआर अध्यक्ष प्रदीप धामा ने अधिकारियों पर किसानों की समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विकास भवन सभागार में कई बार मुद्दे उठाए जाते हैं, लेकिन समस्याओं का समाधान केवल आश्वासन तक सीमित रहता है

# 4 लाख का अवैध पटाखा पकड़ा गया

**❍ आरोपी गिरफ्तार, दिवाली पर बेचने के लिए ले जा रहे थे**

**अमन लेखनी समाचार**




गौतम बुद्ध नगर, कासना पुलिस ने अवैध पटाखों की बिक्री रोकने के लिए कार्रवाई करते हुए प्रमोद कुमार नामक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से करीब 4 लाख रुपए के पटाखे और घटना में प्रयुक्त कार बरामद की गई।

यह गिरफ्तारी सर्विस रोड पर हुई। थाना कासना प्रभारी धर्मेंद्र शुक्ला ने बताया कि पुलिस ने स्थानीय खुफिया जानकारी और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई की। आरोपी प्रमोद कुमार ग्राम डाढा का निवासी है और वह दिवाली के अवसर पर इन पटाखों को बेचने के लिए ला रहा था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसे धर दबोचा। बरामद पटाखों में केजीएफ 30 शॉट्स, मल्टी कलर शॉट, मैजेस्टिक किंग (240 शॉट्स), साउंड रॉकेट, पॉप-पॉप, 15 स्टार, फ्लावर पॉट्स, फुलझड़ी, ग्राउंड चक्कर, अनार, हंटर 5के, फौजी ग्रीन बम, बुलेट बम, बिजली क्रैकर्स, डिजिटल बम और लेपर्ड किंग शामिल हैं। घटना में प्रयुक्त कार को मोटर वाहन अधिनियम के तहत जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने कहा कि दिवाली से पहले अवैध पटाखों की बिक्री रोकने के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।

# निवेश के नाम पर 61 लाख की ठगी

## 1 करोड़ तक का मुनाफा दिखाया, ठगों ने शेयर बाजार में मुनाफे का लालच देकर लूटा

**अमन लेखनी समाचार**




नोएडा, शेयर मार्केट में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने कारोबारी के साथ 61 लाख रुपए की ठगी कर ली। पांच बैंक खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर कराई गई। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाने में दी शिकायत में सेक्टर-143 के रहने वाले प्रथम अग्रवाल ने बताया कि इसी साल अप्रैल माह में उन्होंने निवेश संबंधी विज्ञापन सोशल मीडिया पर देखा। ज्यादा जानकारी एकत्र करने के प्रयास में उन्हें एक लिंक मिला। इस पर क्लिक करते ही वह एक ग्रुप में जुड़ गए। ग्रुप में कई अन्य सदस्य भी मौजूद थे। एक व्यक्ति यहां पर निवेश संबंधी जानकारी दे रहा था। उसके बताए अनुसार ग्रुप के सदस्य विभिन्न कंपनियों और शेयर बाजार में निवेश कर रहे थे और लगातार मुनाफा कमा रहे थे। सदस्यों द्वारा मुनाफे का स्क्रीनशॉट भी साझा किया जा रहा था। यह सब देखकर प्रथम ने भी निवेश कर मुनाफा कमाने का सोचा। इसी दौरान एक अन्य व्यक्ति उनसे पर्सनल चैट पर बात करने लगा। विश्वास में लेने के बाद उसने प्रथम पर निवेश का दबाव बनाया। शिकायतकर्ता ने पहली बार में कम राशि निवेश की। इस पर उसे मुनाफा हुआ। मुनाफे समेत रकम निकालने की अनुमति भी ठगों ने शिकायतकर्ता को दी। ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में प्रथम ने ठगों के कहने पर दस से अधिक बार में 61 लाख रुपए निवेश कर दिया। पूरी प्रक्रिया के दौरान ठगों ने शिकायतकर्ता को एक ऐप भी डाउनलोड कराया। मुनाफा एक करोड़ रुपए के ऊपर पहुंच चुका था। ऐप पर बढ़ती रकम को देखकर शिकायतकर्ता लगातार निवेश करता रहा। अचानक से जुलाई में उसे कुछ रकम की आवश्यकता पड़ गई। उसने निवेश की रकम मुनाफे समेत निकालने का प्रयास किया। इस पर ठग विभिन्न कर का हवाला देते हुए और पैसे ट्रांसफर करने का दबाव बनाने लगे। ऐसा करने से मना करने पर ठगों ने शिकायतकर्ता से कहा कि जबतक वह कर की राशि नहीं ट्रांसफर करेगा तब तक संपूर्ण रकम नहीं निकल सकेगी। वह समझ गया कि वह ठगों के चंगुल में फंस गया है। जब उसने रकम वापस करने का दबाव बनाया तो ठगों ने उससे संपर्क ही तोड़ लिया। बाद में पता चला कि ग्रुप के जो सदस्य मुनाफे का स्क्रीनशॉट साझा कर रहे थे वे भी ठग गिरोह के सदस्य थे।

# फर्नीचर गोदाम में लगी आग

## गोदाम में रखा लाखों का माल जलकर खाक, 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू

**अमन लेखनी समाचार**



गाजियाबाद, भोपुरा के पास कुटी रोड इलाके में एक फर्नीचर गोदाम में भीषण आग लग गई। घटना की सूचना फायर स्टेशन साहिबाबाद को मिली। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन से दो फायर टेंडर मौके के लिए तुरंत रवाना किए गए। फायर यूनिट जब मौके पर पहुंची तो पाया गया कि आग रमेश पुत्र श्री बुद्धिराम और अखलाख के फर्नीचर गोदाम में लगी हुई थी। गोदाम में बड़ी मात्रा में लकड़ी और फर्नीचर का सामान रखा था, जिससे आग तेजी से फैल गई। दमकल कर्मियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों ओर से होज लाइन बिछाकर आग बुझाने का काम शुरू किया। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। हालांकि, आग की लपटों में गोदाम के अंदर रखा लकड़ी का सामान जलकर राख हो गया। फायर विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के सटीक कारणों का पता नहीं चल सका है, लेकिन प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट की संभावना जताई जा रही है। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग भी मौके पर जमा हो गए, लेकिन फायर टीम की तत्परता से बड़ी दुर्घटना टल गई।

# मुठभेड़ के बाद चेन स्नैचर गिरफ्तार

## पैर में गोली लगने से घायल, 2 सोने की चेन और 48 हजार रुपए बरामद

**अमन लेखनी समाचार**



गाजियाबाद, पुलिस ने एक मुठभेड़ के बाद कुख्यात चेन स्नैचर नौशाद उर्फ बादशाह को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान बदमाश के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने उसके पास से दो सोने की चेन, 48 हजार रुपये नकद, एक तमंचा और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है।

यह मुठभेड़ ईस्टर्न पेरिफेरल अंडरपास के नीचे हुई, जहां पुलिस टीम वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दुहाई गांव की ओर से बिना नंबर प्लेट की बाइक पर आ रहे युवक को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वह नहीं रुका और कच्चे रास्ते की ओर भाग निकला। गड्ढों में बाइक फिसलने से वह गिर पड़ा। पुलिस ने जब उसे पकड़ने की कोशिश की तो उसने फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें नौशाद उर्फ बादशाह (31), निवासी फरुखनगर, थाना टीला मोड़, गाजियाबाद के पैर में गोली लग गई। पूछताछ में उसने बताया कि वह अपने साथी के साथ मिलकर मोदीनगर के एक फ्लैट से ज्वेलरी और नकदी की चोरी, और मुरादनगर व बड़ौत (बागपत) में चेन स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम दे चुका है। बरामद मोटरसाइकिल भी साहिबाबाद थाना क्षेत्र से चोरी की गई थी। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार बदमाश डासना की ओर बरामद माल बेचने जा रहा था। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि उसके फरार साथियों की तलाश जारी है।

# युवती को शादी तुड़वाने के लिए धमकी

**❍ निजी तस्वीरें व चैट कर रहा वायरल, आरोपी के खिलाफ केस दर्ज**

**अमन लेखनी समाचार**



नोएडा, सेक्टर-39 थाना क्षेत्र में रहने वाली कर्नल की बेटी की शादी तुडवाने की एक युवक ऑनलाइन धमकी दे रहा है। राजस्थान के रहने वाले युवक ने युवती को बदनाम करने के मकसद से उसकी पुरानी निजी तस्वीरें व चैट भी सोशल मीडिया पर वायरल की है। यही नहीं उसने युवती को जान से मारने तथा तेजाब फेंकने की धमकी भी दी। सेक्टर-39 थाने की पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-45 निवासी युवती ने बताया कि राजस्थान का क्षितिज शर्मा साइबर स्टैकिंग एवं ऑनलाइन उत्पीड़न कर रहा है। वह वॉट्सऐप, एसएमएस, फोन कॉल व सोशल मीडिया के अन्य माध्यम से उसके खिलाफ अपमानजनक व अशोभनीय मैसेज भेज रहा है। क्षितिज शर्मा की इस हरकत से उसके परिवार, मंगेतर तथा सहकर्मियों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी उसकी निजी तस्वीरें और चैट को अपने पास रखकर उन्हें वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करता है। जब इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसे परिवार सहित जान से मारने, तेजाब फेंकने व झूठे मुकदमे फंसाने की धमकी दी। शिकायतकर्ता युवती का कहना है कि क्षितिज शर्मा की इन हरकतों की शिकायत उसने पूर्व में भी पुलिस से की थी। इसके बाद आरोपी ने आश्वासन दिया था कि वह उसे तथा उसके परिचितों से किसी भी प्रकार का डिजिटल टेलिफोनिक संपर्क नहीं करेगा और उसके सभी फोटो मैसेज आदि को डिलीट कर देगा। यह आश्वासन मिलने पर उसने अपनी शिकायत को वापस ले लिया था। पिछले कुछ समय से क्षितिज शर्मा उसे फिर ब्लैकमेल कर रहा है।

वह उसके मैसेज व निजी तस्वीरों को उसके मंगेतर तथा परिजनों को भेज रहा है। केस दर्ज होने के बाद से आरोपी ने अपना मोबाइल बंद कर लिया है। पुलिस जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी का दावा कर रही है। आरोपी और शिकायतकर्ता युवती पहले से एक-दूसरे को जानते हैं।

# पानी में डूब जाने से महिला की मौत

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। शुक्रवार की सुबह रपटे में महिला के डूब जाने पर मौत हो गई मौत की खबर सुनते ही ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया परिजनों में शोक की लहर छा गई कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गहबरा गांव निवासी राजुलिया 64 वर्ष पत्नी सियाराम शुक्रवार की सुबह दीपावली पर्व की साफ सफाई निपटने के उपरांत कपड़े धोने के लिए गांव के पास गहबरा भवानी के बने रपटे में कपड़े धुलने गई थी तभी कपड़े धुलते-धुलते अचानक पानी में डूब गई जिससे महिला की मौत हो गई मौत की खबर सुनते ही देखने वालों का जमावड़ा लग गया परिजनों में मातम छा गया कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक अपने पीछे दो लड़का तीन लड़कियों को रोता भी लगता छोड़ गई मृतक के पुत्र रामू अनुरागी ने बताया कि सुबह घरेलू काम निपटाने के बाद रपटे में कपड़े धोने के लिए गई थी रपटे में डूब जाने पर मौत हो गई जिसका पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# केन्द्रीय विद्यालय में द्वितीय सोपान का परीक्षण शिविर हुआ संपन्न

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। केन्द्रीय विद्यालय में दो दिवसीय द्वितीय सोपान के परीक्षण शिविर में विद्यालय के प्रथम सोपान उत्तीर्ण कर चुके स्काउटस व गाइड्स ने प्रतिभाग किया। प्रथम दिन की शुरूआत स्काउट प्रार्थना से हुई। स्काउट मास्टर निशांत कुमार व गाइड कैप्टन अंकिता ने प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को स्काउट प्रार्थना, झंडा गीत, विभिन्न गांठों को बनाना व उनके दैनिक जीवन में उनके उपयोग, बीपी 6 एक्सरसाइज आदि का अभ्यास कराया। प्राचार्य राजमंगल यादव ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए दैनिक जीवन में विभिन्न गतिविधियों के उपयोग पर प्रकाश डालकर स्काउट्स की महत्ता को स्पष्ट किया। सोपान के अंतिम दिन स्काउट्स व गाइड्स द्वारा बनाये गये टेंट का प्राचार्य राजमंगल यादव ने निरीक्षण कर उनकी उपयोगिता व महत्त्व पर प्रकाश डाला।

# भाकियू ने किसानों की समस्याओं को लेकर की मासिक बैठक, सौपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। भाकियू अराजनैतिक ने किसानों की विभिन्न समस्या को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के गोल चबूतरे में मासिक पंचायत आहुत की।इस दौरान उन्होंने पांच सूत्री मांगो का ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को सौपा है।जिसमे उन्होंने मांगे पूरी ना होने पर आगामी माह नवंबर में अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष शिवपूजन निषाद के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में उन्होंने किसान दिवस कुरारा के कृषि विज्ञान केंद्र में ना करके विकास भवन कुछेछा में करने,किसानों को उचित रेट पर खाद्य दिलवाने, दोषी अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही करने,सरकारी समिति में पर्याप्त खाद्य की उपलब्धता करने,वन विभाग के सहयोग से जंगली गौवंशों को संरक्षित करने सहित पांच सूत्री मांग की है। इस दौरान डॉ. भूपेंद्र सिंह भदौरिया, हरिशंकर, संजय कुमार, जयकरण निषाद,बलबीर वर्मा, सुरेश,बालक राम,श्याम सुंदर तिवारी,भीष्म देव सहित अन्य किसान मौजूद रहे

# जुबेर इंटरप्राइजेज फर्म पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। फर्जी फर्म बनवाकर राजस्व की चोरी करना क्षेत्र में आम बात हो गई एक व्यक्ति दो तीन फर्जी फर्म बनवा कर जीएसटी चोरी कर रहा हैं सरकार की भारी राजस्व चोरी कर नुकसान पहुंचाने का खेल जोरों पर खेला जा रहा है जिसकी जानकारी समय-समय पर समाचार पत्रों के माध्यम से सक्षम अधिकारियों को अवगत भी कराया गया लेकिन शिथिलता और लापरवाही के चलते जांच पड़ताल कर क्लीन चिट दे दी जाती रही जिसकी गहनता से जांच पड़ताल की जाए तो कई घफलो का पदार्फाश हो सकता है। नगर क्षेत्र में फर्जी फर्म का खेल जोरों पर चल रहा है जिनकी ना तो कोई दुकान है और ना कोई समान है लेकिन फर्जी भुगतान कर भारी भरकम राजस्व की चोरी कर दिन दुगनी रात चौगुनी तरक्की कर रहे हैं ऐसा ही एक मामला नगर में जुबेर इंटरप्राइजेज तहसील रोड मौदहा फर्म संचालक के ऊपर 76लाख रू से अधिक कर चोरी का मुकदमा पंजीकृत गया है जीएसटी अधिकारियों ने जांच पड़ताल में ना तो कोई दुकान देखने को मिली और ना ही व्यावसायिक गतिविधियां ना स्टाक देखने को मिला जीएसटी अधिनियम की धारा 70 के तहत सम्मन जारी करते हुए अरोपी को अवसर प्रदान करते हुए साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए समय दिया गया लेकिन फर्म संचालक अधिकारियों की समक्ष उपस्थित नहीं हो सका। जिसमें फर्म संचालक जुबेर इदरीस के विरुद्ध भारतीय न्याय संगीता की सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। खास बात यह है कि क्षेत्र में इस प्रकार की फर्जी फर्म संचालित है नगर के बुद्धजीवियों ने कई बार सक्षम अधिकारियों को सरकार की राजस्व चोरी के संबंध में अवगत भी कराया समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई लेकिन अधिकारियों के मिली भगत व लापरवाही के कारण सैकड़ो फॉर्म संचालक अभी भी फल फूल रहे हैं जीएसटी चोरी कर दिन दुगनी रात चौगुनी तरक्की कर रहे हैं।

# खाद्य विभाग की टीम ने नष्ट कराया 20 किलो छेना

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। दीपावली पर्व के मद्देनजर खाद विभाग की टीम ने कस्बा सहित इंगोहटा में छापा मारकर खोया, बर्फी, छेना आदि के नमूने लेकर जांच को भेजें है। इंगोहटा में टीम ने 20 किलो छेना नष्ट किया है। टीम की इस कार्यवाही से होटल व्यवसाय से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा रहा। सहायक खाद्य युक्त डॉ गौरीशंकर ने बताया कि इंगोहटा में रामकिशोर के यहां 20 किलो छेना नष्ट कराया गया है। अमित कुमार के यहां बर्फी का सैंपल लिया गया है। इसी तरह कस्बे के बांकी मार्ग के न्यू गोपाल होटल से खोया का सैंपल लिया है। वहीं रीगल स्वीट्स में उन्होंने साफ सफाई को लेकर संचालक को सख्त हिदायत दी है। छापेमारी के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी गिरीश वर्मा, राममूरत यादव मौजूद रहे

# बाइक सवारों को कार ने मारी टक्कर, घायल

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। दोपहर में कस्बे के बांदा मार्ग में पंधरी गांव के समीप तेज रफ्तार कार चालक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी और भाग निकला। दोनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। पंधरी गांव निवासी अवधेश कुशवाहा एवं प्रेमनरायण कुशवाहा दोपहर में बाइक से कस्बे में बाजार करने आ रहे थे गांव के समीप ही बांदा की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी और भाग निकला। घायल बाइक सवारों को ग्रामीणो ने उपचार के लिए कस्बे के निजी अस्पताल में भर्ती कराया उपचार के बाद दोनों की हालत सुधार बताया जा रहा है।

# नया भवन बनने तक बीआर पैलेस में संचालित रहेगा कार्यालय

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। रामनवमी सेवा समिति कार्यालय का नवीन भवन बनने तक यह स्टेशन मार्ग के बीआर पैलेस में पूर्व की भांति संचालित रहेगा। समिति के अध्यक्ष रज्जन पांडे ने बताया कि अभी तक कार्यालय के लिए उन्होंने अपने गेस्ट हाउस के दो कक्ष दे रखे थे। ताकि रामनवमी के समय समिति के कार्यों को व्यवधान न आए। उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्य के लिए अपनी श्रद्धा से गेस्ट हाउस के दो कक्ष दे रखे थे और जब तक नया कार्यालय नहीं बन जाता है तब तक समिति का कार्यालय यहीं पर निशुल्क संचालित रहेगा।

# मकान की नाप जोख की खबर सुनते ही अवैध कब्जा धारक ताला लगाकर हुए रफू चक्कर

### न्यायालय के आदेश पर मकान की कमिश्नरी के लिए पहुंची टीम खाली हाथ वापस

अमन लेखनी समाचार



बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के बिंदकी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत खजुहा कस्बे निवासी बुजुर्ग मोहम्मद सैकू पुत्र स्वर्गीय रमजान ने मकान पर हिस्सेदारी ना मिलने के कारण न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जहां न्यायालय के आदेश पर मकान की पैमाइश नाप जोख पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में सुनिश्चित की गई न्यायालय के आदेश पर कल शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025 को मौके पर पहुंची कमिश्नरी टीम से कमिश्नर कृष्ण कुमार सिंह एवं अजय कुमार पाण्डेय समेत अधिवक्ताओं ने प्रशासन की मौजूदगी में नाप जोख करने का प्रयास किया परंतु मौके पर पहुंचने से पहले ही घर पर अवैध कब्जा करने वाले स्वर्गीय मोहम्मद मैकू के परिजन पत्नी मजीतुन उर्फ बुद्धन बेटी वसीमा आदि ताला लगाकर रफू चक्कर हो गए मौके पर जनपद से पहुंची पुलिस प्रशासन के साथ चौकी प्रभारी खजुहा रोहित कुमार ने प्रतिवादी वसीमा तथा मामले की पैरवी में सहयोग प्रदान करने वाले उसके नजदीकी सुरेश कुमार दुबे को फोन किया जहां फर्जी बहाने बताते हुए पुलिस को चकमा देकर अवैध कब्जा धारक वसीमा ने अपना फोन बंद कर लिया जिसे देख चौकी प्रभारी ने दूसरे भाई फारूक जो दूसरे मकान में निवास कर रहा है को फोन किया जो मौके पर पहुंचा परंतु तालाबंद होने के कारण नाप जोख नहीं हो पाई तथा अधिवक्ताओं समेत कमिश्नर पुलिस प्रशासन को खाली हाथ वापस लौटना पड़ा जानकारी लेने पर पहुंचे अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही पुनः नाप की जाएगी और प्रतिवादियों के खिलाफ कानून का उल्लंघन करने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी इस मौके पर टीम में फतेहपुर प्रशासन से उप निरीक्षक शशिकांत यादव मुख्य आरक्षी अभिषेक कुमार महिला आरक्षी विनीता चौकी प्रभारी रोहित कुमार पीआरडी अखिलेश कुमार द्विवेदी वरिष्ठ अधिवक्ता सुशील कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट शईदा खान तेज सिंह आदि दर्जनों अधिकारी कर्मचारी तथा प्रशासन मौजूद रहो

# मिशन शक्ति अभियान के तहत ककरवई थाना पुलिस ने छात्राओं को दी जानकारी



अमन लेखनी समाचार

ककरवई। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत ककरवई थाना पुलिस ने शुक्रवार को कस्बा ककरवई के प्राथमिक विद्यालय में छात्राओं को आत्मरक्षा एवं महिला सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181 1076, 1098, 108,102,1930 की जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक रहने और किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत सूचना देने की सलाह दी। कार्यक्रम में पुलिस ने छात्राओं को आत्मविश्वास से भरपूर रहने, सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक उपयोग करने तथा असामाजिक तत्वों से सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं ने भी मिशन शक्ति अभियान के प्रति उत्साह दिखाया और पुलिस की इस पहल की सराहना की।इस दौरान छात्राओं को 1090 से संबंधित फिल्म जैसे पॉक्सो एक्ट,एसिड अटैक,मास्टर प्लान आदि दिखाई गई।इस दौरान उप निरीक्षक अंकित पवार, हेड कांस्टेबल शिवपूरण दुबे, महिला कांस्टेबल प्रीति सहित समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# पीड़ितों से मिलकर सरकार पर राहुल गांधी ने कसा गहरा तंज

### आखिर अपराधियों पर अंकुश क्यों नहीं लगा पा रही सरकार – राहुल गांधी

अमन लेखनी समाचार / शोभित शुक्ला



फतेहपुर। प्रदेश के फतेहपुर जनपद में बीते दिनों हुई हत्या को लेकर मृतक हरिओम के परिजनों से मिलने कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पहुंचे पहुंचकर परिजनों के समक्ष सांत्वना व्यक्त करते हुए गहरा दुख प्रकट किया वहीं मीडिया से वार्ता करते हुए सरकार पर गहरा तंज कसते हुए देश के कांग्रेस पार्टी के प्रमुख नेता राहुल गांधी ने बताया कि अपराधी को दंड मिलना चाहिए जबकि परिजनों को वर्तमान सरकार ने बंधक बना रखा है देश में अनेक स्थानों पर असहाय दलित समेत अन्य लोगों पर अत्याचार बलात्कार तथा मर्डर हो रहे हैं जिस पर वर्तमान सरकार की नजर नहीं जा रही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ को निशाना बनाते हुए राहुल गांधी ने कहा जो अपराधी हैं उन पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए अपराधियों की रक्षा करना राजा का कर्तव्य नहीं होता उन्होंने बताया की लगभग 30 मिनट तक पीड़ित परिवार से वातार्लाप हुई जहां सरकार पक्ष के कुछ लोगों ने कांग्रेस प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी से मिलने के लिए मना करते हुए धमकियां भी दी जो परिजनों ने राहुल गांधी के समक्ष व्यक्त किया कांग्रेस नेता ने कहा सरकार यदि ऐसे लोगों की सहायता ना कर सके तो उन पर अत्याचार भी ना किया जाए बल्कि जो अपराधी है उसके खिलाफ जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए वही आश्वासन देते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी का काफिला वापस लौटा जनपद में हजारों की संख्या में पहुंचे कांग्रेसियों ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का भव्य स्वागत किया

# महिला ने घर की कड़ी में फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। थाना क्षेत्र के सायर गांव में महिला का शव घर की कड़ी से लटका मिला जिसके पति ने आत्महत्या की सूचना बिवांर थाना में दर्ज कराई। बिवांर थाना क्षेत्र के सायर गांव के मोहनपुरवा मुहल्ला निवासी इंद्रपाल पुत्र पिरवा पाल की पत्नी संगीता(40)का शव शुक्रवार तड़के कगभग चार बजे घर के खपरैल की कड़ी से फंदे से लटका मिला।मृतका के पति ने आत्महत्या बताते हुए थाना में सूचना दर्ज कराई ,जबकि मृतका के भाई धीरेंद्र पुत्र छोटे पाल निवासी ग्राम लोदीपुरा थाना कदौरा जिला जालौन ने पति इंद्रपाल और जेठ रजेपाल के खिलाफ हत्या करने का आरोप लगाते हुए बिवांर थाना में तहरीर दी है।बताया कि पति शराबी है और अक्सर बेवजह उसकी बहन को पीटता था और जेठ ने भी बीते दिनों उसकी बहन के साथ बेवजह गालीगलौज की थी।बताया बहन की शादी 15 साल पहले हुई थी जिसके तीन बच्चे ,एक पुत्र व दो पुत्रियां हैं ,जिनमें से बड़ी भांजी नैन्सी(13) ने सुबह लगभग चार बजे फोन पर घटना की सूचना दी थी।मृतका के भाई ने बताया कि उसकी बहन गांव में बच्चों के साथ रहती थी ,जबकि उसका पति बाहर रहकर पेंटिंग करता था और बहन पति के हिस्से की ढाई बीघे कृषि भूमि से ही गुजारा करती थी।बताया कि पति बीते 10 अक्टूबर को ही गांव लौटा था और अपनी पत्नी के साथ मारपीट की थी ,जिसके शरीर पर चोट के भी निशान मिले हैं।वहीं बिवांर थाना प्रभारी नंदराम प्रजापति ने मृतका के भाई द्वारा दी गई तहरीर से इनकार करते हुए कहा कि ,उन्हें ऐसी कोई तहरीर नहीं मिली है ,पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

# छात्राओं ने देखी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत

अमन लेखनी समाचार

मथुरा। अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज के इतिहास विभाग की 45 छात्राओं के एक शैक्षिक पर्यटन दल ने मध्य प्रदेश का चार दिवसीय भ्रमण किया। दल का नेतृत्व कर रही इतिहास विभाग की अध्यक्षा डॉ मांडवी राठौर ने बताया कि इस चिर स्मरणीय यात्रा में छात्राओं ने भारत की उस महान ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत की झांकी देखी जो लगभग डेढ़ हजार वर्ष पुरानी है। मध्य प्रदेश के इस शैक्षिक पर्यटन में छात्राओं ने चंदेल, गुर्जर ,प्रतिहार वंश के राजाओं द्वारा बनवाए गए ऐतिहासिक बटेश्वर मंदिर समूह , पढ़ावली मन्दिर,नरेश्वर मंदिर समूह, चौसठ योगिनी मंदिर, ग्वालियर का किला सहस्त्रबाहु मंदिर, ऐतिहासिक गुरुद्वारा, सिंधिया महल, गोहद किला, पीतांबरा पीठ ,ओरछा का किला, जहांगीर महल,नदी घाट, राजा राम मंदिर, लक्ष्मी मंदिर , रनेह वॉटर फॉल,




खजुराहो के कंदरिया महादेव मंदिर ,लक्ष्मण मंदिर, वराह मंदिर चित्रगुप्त मंदिर आदि देखे। मुरैना के ऐतिहासिक कनक मठ मंदिर की स्थापत्य कला को देख छात्राएं अचंभित हो गई। छात्राओं ने इन ऐतिहासिक स्मारकों का इतिहास, स्थापत्य कला, चित्रकला, धार्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक विरासत, मूर्ति कला, शिल्प, आभूषण, केश विन्यास, वस्त्र विन्यास, निर्माण सामग्री आदि को लेकर के प्रोजेक्ट वर्क बनाए। रनेह वॉटर फॉल की चट्टानों पर प्रशिक्षक दामोदर घोष के नेतृत्व में छात्राओं ने रोमांचक ट्रैकिंग भी की। पर्यटन की समाप्ति पर उत्साहित छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ अनिल वाजपेयी ने कहा किताबी शिक्षा का कोई महत्व नहीं है अगर व्यवहारिक अनुभव न हो। अतः शैक्षिक पर्यटन अत्यंत आवश्यक हैं।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत गरौठा पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

अमन लेखनी समाचार



गरौठा,झांसी। प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति - 5.0 अभियान के अंतर्गत गरौठा कोतवाली पुलिस ने पुलिस क्षेत्राधिकारी असमा वकार के नेतृत्व में कस्बा के मुख्य बाजार में महिलाओं एवं छात्राओं को आत्मरक्षा एवं महिला सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा महिलाओं एवं बेटियों को महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181, 1076, 1098, 108,102,1930 की जानकारी दी गई। महिला उप निरीक्षक रूबी सिंह ने किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना देने की सलाह दी। कार्यक्रम में पुलिस ने छात्राओं को सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक उपयोग करने तथा असामाजिक तत्वों से सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया। वही कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम निमगहना में महिला उपनिरीक्षक रूबी सिंह ने चौपाल लगाकर मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बेटियों को जागरूक करते हुए महिला सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उन्होंने महिलाओं एवं बेटियों को किसी भी समस्या की स्थिति में हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।इस मौके पर उप निरीक्षक चंद्रेश कुमार,हेड कांस्टेबल शीतू दुबे मौजूद रहे।

# आठवां राष्ट्रीय पोषण माह 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक मनाया गया

### उत्कृष्ट कार्य करने बाली आंगनबाड़ी कार्यकत्री को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया

### पांच गर्भवती महिलाओं को गोद भराई व 6 माह के बच्चों को अन्नप्राशन किया गया

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। आठवाँ राष्ट्रीय पोषण माह दिनांक 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर, 2025 के मध्य समस्त परियोजनाओं एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में मनाया गया 17 अक्टूबर, को राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पोषण माह, 2025 का समापन किया गया। समापन कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य सेविकाऐ, आंगनबाडी कार्यकत्री एवं सहायिका उपस्थित रहीं। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा इस अवसर पर संबोधित करते हुये कहा गया कि परिवार की माँ का स्वास्थ्य ठीक रहेगा तभी परिवार के अन्य सदस्यों का स्वास्थ्य भी बेहतर होगा। बच्चों के बेहतर भविष्य के लिये स्वास्थ्य और शिक्षा दोनो की आवश्यकता है जिसके अनुरूप बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। राष्ट्रीय पोषण माह के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण करने के उद्देश्य से महिलाओं को जीवन के हर क्षेत्र में सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक आत्मनिर्भर बनाये जाने पर जोर दिया गया। साथ ही राष्ट्रीय पोंषण माह अन्तर्गत कुपोषित बच्चों को पोषाहार एवं नियमित जॉच व आवश्यक दवाओं के माध्यम से बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने का प्रयास किया गया, साथ ही सांस्कृतिक रूप से निहित पोषण प्रथाओं को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया कार्यक्रम के दौरान आंगनबाडी कार्यकत्री श्रीमती शशि त्रिपाठी द्वारा लोक गीतों के माध्यम से पोषण अभियान के कार्यक्रम की विशेषताओं को सन्दर्भित करते हुये आंगनबाडी कार्यकत्रियों एवं महिलाओं को जागरूक किया गया। राष्ट्रीय पोषण माह, 2025 में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्री श्रीमती प्रीति, रमा अवस्थी, अन्जू, जया, भानुमती, संतोष, विष्णुकांति, अमीरूननिशा, किरन, रुकसाना, प्रीति, अखिलेश, हेमलता एवं उमादेवी को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पॉच गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं 06 माह के पाँच बच्चों का अन्नप्रासन किया गया। तीन कुपोषित बच्चों को पोषण पोटली प्राप्त करायी गयी।

# जन्मतिथि सुधारने के नाम पर एडीसी ने होमगार्डों के डकारें रुपए

### होमगार्डों ने जिला कमांडेड से की शिकायत

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। जन्मतिथि में सुधार के नाम पर होमगार्डों से धनराशि वसूल करने के उपरांत जन्मतिथि में सुधार नहीं करने और सेवानिवृत्त कर देने के उपरांत रुपए वापस मांगने पर एडीसी ने होमगार्डों को डपट कर भगा दिया है। होमगार्डों ने जिला कमांडर से मामले की शिकायत की है। सेवानिवृत्त होमगार्ड जयकरन, गुरुदयाल, उदय सिंह ने जिला कमांडेंट को सौंपी शिकायत में आरोप लगाया है कि उनके नौकरी आवेदन फार्म एवं शैक्षिक प्रमाण पत्रों में जन्मतिथि में अंतर था। अक्टूबर 2022 में एडीसी राजेश कुमार सरोज ने अभिलेखों में सुधार के नाम पर प्रति व्यक्ति 75-75 हजार जमा कराए थे। इसके बाद उनके अभिलेखों में कोई सुधार नहीं किया गया और नौकरी आवेदन फार्म में दर्ज जन्मतिथि को सेवानिवृत्त का आधार बनाकर उन्हें सेवानिवृत्ति कर दिया है। रुपए वापस मांगने पर उसने देने से इनकार कर दिया है। होमगार्डों ने जिला कमांडेंट से रुपए वापस दिलाने की मांग की है। एडीसी राजेश कुमार सरोज से बात करने करने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो सका। जिला कमांडेंट हरिशंकर चौधरी ने बताया कि शिकायत मिली है जिनके ऊपर आरोप है उनका गैर जनपद तबादला हो चुका है। मामले की जांच कराई जा रही है।

# अमीनों और अनुसेवकों ने की पुरानी पेंशन पात्रता संबंधी फार्म भिजवाने की मांग

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। राजस्व संग्रह अमीनों और अनुसेवकों ने नियुक्ति अभिलेख के आधार पर पुरानी पेंशन पात्रता संनियुक्ति अभिलेख के आधार पर पुरानी पेंशन पात्रता संबंधी फार्मबंधी फार्म राजस्व परिषद भेजने की मांग को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी घनश्याम मीना को ज्ञापन सौपा है। जिले के राजस्व संग्रह अमीनों और अनुसेवको में संजय निगम, सुरेश कुमार सैनी, कालीचरण,बल्लभ दास, राम मनोहर राजकुमार सिंह, विकास शुक्ला, अफजल अहमद, संतराम श्याम चरण, श्री राम हीरा बाबू आदि ने दिए ज्ञापन में बताया कि जिले की तहसीलों में राजस्व संग्रह अमीन व राजस्व संग्रह अनुसेवक के पद पर कार्यरत हैं। राजस्व परिषद व शासन द्वारा पुरानी पेंशन हेतु शासनादेश जारी कर पात्र अभ्यर्थियों के विकल्प फार्म मांगे गये है। उन्होंने वर्ष 20 दिसम्बर 2004 की विज्ञप्ति के पूर्व से ही सीजनल संग्रह अमीनों / सीजनल संग्रह अनसेवकों के पदों पर कार्य किया है एंव वर्ष 2001 में ही पात्र थे। जिनकी नियुक्ति पात्रता सूची के अधार पर हुई थी। उन्होंने नियुक्ति अभिलेखों के आधार पर पुरानी पेंशन पात्रता सम्बन्धी फार्म राजस्व परिषद को संस्तुति सहित भिजवाने की मांग की है जिससे उन्हें भी पुरानी पेंशन का लाभप्राप्त हो सके।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

सेलिब्रेशन

चारों ओर जगमगाते दीपक, रंग-बिरंगी लाइट्स की लड़ियां, आतिशबाजी, ऐसा उल्लास से भरा माहौल होता है दीपावली का। लेकिन इस पर्व का असली मजा/आनंद वास्तव में कब आता है, बता रहे हैं टीवी के कुछ चाइल्ड आर्टिस्ट्स। ये आर्टिस्ट्स यह भी बता रहे हैं, इस बार दीपावली कैसे सेलिब्रेट करेंगे?

# दीपावली पर जगमगाएं खुशियां



## मेरे लिए दिवाली का असली मतलब है परिवार का प्यारा साथ : आयशा विंधारा

सोनी सब के शो 'इत्ती सी खुशी' में चिड़िया का रोल प्ले करने वाली आयशा विंधारा दिवाली का नाम सुनते ही उत्साह से भर जाती है। आयशा दिवाली कैसे सेलिब्रेट करती है, पूछने पर बताती है, 'मैं अपने परिवार के साथ मिलकर दिवाली मनाती हूं। नई ड्रेसेस खरीदती हूं। रंग-बिरंगी लाइट्स और दीयों से घर को सजाती हूं। शाम को मैं और मेरी बहन मिलकर रंगोली बनाते हैं। दिवाली की रात मैं अपने पापा और दोस्तों के साथ पटाखे फोड़ती हूं। दिवाली मेरे लिए अधूरी है, अगर मुझे रसगुल्ला और काजू कतली खाने को नहीं मिले! दिवाली आते ही मेरे मन में एक अलग ही उत्साह भर जाता है।' आयशा आगे कहती है, 'मेरे लिए दिवाली सिर्फ रोशनी, दीये और पटाखों का त्योहार नहीं है। दिवाली का असली मतलब है- परिवार का प्यारा साथ। जब हम सब मिलकर हंसते हैं, खेलते हैं, बातें करते हैं, एक-दूसरे के साथ समय बिताते हैं, मेरे लिए यही सच्ची दिवाली होती है।' इस बार दिवाली पर अपनी खास प्लानिंग के बारे में आयशा बताती है, 'अबकी मैं दीये पेंट करके अनाथालय में बांटने जाऊंगी, ताकि वहां भी दिवाली की रोशनी और मुस्कान बिखरे। मैं अपने घर में बड़ी-सी रंगोली बनाऊंगी। और हां, इस बार मेरा बर्थ-डे भी दिवाली के आस-पास है, तो इस बार मेरे लिए दिवाली की खुशी दोगुनी है!' आयशा 'बालभूमि' के सभी दोस्तों को दिवाली का मैसेज देते हुए कहती है, 'दिवाली पर हम सभी घर सजाएं, दीये जलाएं। पटाखे कम फोड़ें ताकि पॉल्यूशन कम हो। मिठाई खाएं और बांटें। हम इस खूबसूरत त्योहार को प्यार और मुस्कान के साथ मनाएं।' *


## खुशियां बांटने का त्योहार है दिवाली
### एकांश काथरोटिया

**सोनी सब** पर हाल ही में शुरू हुए शो 'गणेश कार्तिकेय' में एकांश काथरोटिया, विघ्नहर्ता भगवान गणेश की भूमिका निभा रहा है। दिवाली उसका पसंदीदा त्योहार है।



एकांश कहता है, 'दिवाली खुशियों का त्योहार है। इस दिन हम नई ड्रेसेस पहनते हैं, मिठाइयां खाते हैं, बांटते भी हैं। दिवाली पर रंगोली बनाते हैं, दीये जलाते हैं, ईको-फ्रेंडली पटाखे और फुलझड़ियां जलाते हैं। माता लक्ष्मी की पूजा करते हैं, दिवाली पर खुशियां मनाने के साथ-साथ हम अपनों के साथ खुशियां बांटते भी हैं।' एकांश के लिए दिवाली के क्या मायने हैं, वह बताता है, 'दिवाली के दिन भगवान श्रीराम रावण का वध करके और अपना वनवास पूर्ण करके अयोध्या लौटे थे। तब उनके स्वागत में पूरा अयोध्या दीपों से सजाया गया था, लोगों को अपार खुशी मिली थी। मेरे लिए दिवाली बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार है।' इस बार दिवाली सेलिब्रेशन को लेकर अपनी प्लानिंग के बारे में एकांश चहकते हुए बताता है, 'अभी कुछ समय पहले ही हमारा सीरियल 'गणेश कार्तिकेय' ऑन एयर हुआ है। मेरे लिए तो दिवाली शुरू हो गई है। मैं इस दिवाली बहुत उत्साहित हूं। इस बार मैं सीरियल के सेट पर अपने को-स्टार्स के साथ दिवाली सेलिब्रेट करूंगा।' एकांश का 'बालभूमि' के दोस्तों को मैसेज है, 'अपने नन्हे प्यारे दोस्तों से मैं दिल से कहना चाहता हूं कि दीपावली का यह त्योहार आपके जीवन में खुशियां, समृद्धि लाए। माता लक्ष्मी का आशीर्वाद आप सबके साथ हमेशा बना रहे। हैप्पी दिवाली!' *

## दिवाली पर हर किसी के चेहरे पर हो स्माइल-हो ब्राइटनेस : आर्यन प्रजापति



एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन-पलटन' में ऋतिक की भूमिका निभा रहे आर्यन प्रजापति का नटखट अंदाज सबको खूब भा रहा है। ऋतिक को दिवाली का त्योहार बहुत पसंद है। वह दिवाली की तैयारी और इसके सेलिब्रेशन के बारे में बताता है, 'दिवाली आते ही सबसे पहले हम लोग घर की साफ-सफाई में जुट जाते हैं। मैं अपने कमरे को लाइट्स और पोस्टर्स से डेकोरेट करता हूं। पापा के साथ मिलकर दीये सजाता हूं। दिवाली के मौके पर मम्मी के हाथों से बनी मिठाई खाना बहुत अच्छा लगता है। रात को पूजा होती है फिर सेल्फी टाइम!' आर्यन के लिए दिवाली सिर्फ एक त्योहार भर नहीं है, वह कहता है, 'दिवाली का मतलब है, टेंशन भूलकर दोस्तों और फैमिली के साथ एंज्वॉय करो।' आर्यन की नजर में दिवाली साथ-साथ खुशियां बांटने का त्योहार है। वह बताता है, 'मैं और मेरी सिस्टर मिलकर गरीब बच्चों को कपड़े और मिठाई बांटते हैं। हम इनके घर जाकर इनके साथ दीये भी जलाते हैं। उनकी मुस्कान देखकर लगता है, हमारी दिवाली डबल स्पेशल हो गई।' 'बालभूमि' के दोस्तों को आर्यन मैसेज देता है, 'गाइज, दिवाली खूब एंज्वॉय करो, लेकिन सेफ्टी और नेचर का भी ध्यान रखो। दिवाली का असली मजा तब है, जब हर किसी के चेहरे पर ब्राइटनेस हो, स्माइल हो।' *

प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स



लेक बीवा फायरवर्क फेस्टिवल, जापान



न्यू ईयर ईव फायरवर्क, चीन

# दुनिया की मशहूर आतिशबाजियां

रोचक / शिखर चंद जैन

*बच्चो, भारत में शानदार जोरदार आतिशबाजी दीपावली के अवसर पर देखी जाती है। विदेशों में भी अलग-अलग अवसरों पर आतिशबाजी से जुड़े बहुत ही मनमोहक आयोजन होते हैं। जानो, दुनिया के कुछ मशहूर आतिशबाजी इवेंट्स के बारे में।*

**मॉन्ट्रियल इंटरनेशनल फायरवर्क कॉम्पिटिशन, कनाडाः** यह दुनिया की सबसे बड़ी आतिशबाजी प्रतियोगिता है। यहां बेहतरीन म्यूजिक के साथ-साथ शानदार आतिशबाजी का कॉम्पिटिशन आयोजित किया जाता है। विजेताओं को ट्रॉफी दी जाती है। महीने भर तक चलने वाले इस उत्सव में



दूर-दूर से लाखों लोग आते हैं। वैसे तो इसे देखने के लिए टिकट लेना पड़ता है, लेकिन सेंट लॉरेंस नदी या माउंट रॉयल पार्क के पास से इसे मुफ्त में भी देखा जा सकता है।

**लेक बीवा फायरवर्क फेस्टिवल, जापानः** जापान की सबसे बड़ी झील लेक बीवा में अगस्त माह में आतिशबाजी का शानदार शो आयोजित किया जाता है। उत्सव के दौरान 10,000 रंग-बिरंगी आतिशबाजी होती है। इस रंग-बिरंगी आतिशबाजी का प्रतिबिंब जब झील के पानी में पड़ता है तो देखने में बहुत ही मनोहरी लगता है। इस शानदार शो को देखने के लिए 3 लाख से ज्यादा लोग आते हैं। लेक बीवा फायरवर्क फेस्टिवल की हर साल एक नई थीम प्लान की जाती है।

**दुबई न्यू ईयर ईव फायरवर्क्स, यूएई :** दुबई में न्यू ईयर के मौके पर रोशनी और पटाखे दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा से चलाए जाते



हैं। इसलिए दुबई में कहीं से भी इस आतिशबाजी की चमक देखी जा सकती है। बुर्ज खलीफा के नीचे खड़े होकर इस आतिशबाजी को देखना बहुत रोमांचक अनुभव होता है। आतिशबाजी के अलावा यहां लेजर बीम शो और एलईडी लाइट्स का अनूठा नजारा भी देखने को मिलता है।

**न्यू ईयर ईव फायरवर्क, चीनः** चीन के लोग नववर्ष के अवसर पर खूब पटाखे चलाते हैं। अंग्रेजी कैलेंडर के मुताबिक यह जनवरी और फरवरी के बीच पड़ता है। इस अवसर पर ड्रैगन और अन्य कई शेप्स की आतिशबाजी की जाती है। यहां की मान्यताओं, परंपराओं और प्रतीकों के आधार पर भी आतिशबाजी तैयार की जाती है। इस अवसर पर चीन के लोग देवताओं की पूजा करते हैं और अपने पूर्वजों को याद करते हैं।

**न्यूयॉर्क में स्वतंत्रता दिवस पर आतिशबाजी, अमेरिकाः** अमेरिका में 4 जुलाई यानी अमेरिकी स्वतंत्रता दिवस का दिन यहां के सभी बड़े शहरों



में आतिशबाजी का अवसर होता है। खासतौर से न्यूयॉर्क सिटी में हडसन नदी में कई नौकाओं से तरह-तरह की आतिशबाजी की जाती है। लगभग 25 मिनट तक चलने वाले इस इवेंट में हजारों तरह की आतिशबाजी की जाती हैं। *

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

# दीप जले दिवाली के!



नन्हे-नन्हे प्यारे-प्यारे
दीप जले दिवाली के!
दूर भगाने को अंधियारा,
जग में लाने को उजियारा,
आंगन-आंगन, द्वारे-द्वारे
दीप जले दिवाली के!
भेदभाव का नाम न इनमें,
बैर-द्वेष का काम न इनमें,
झिलमिल-झिलमिल, हिलमिल सारे
दीप जले दिवाली के!
मोह रहे हर प्राणी का मन,
कितने उज्ज्वल, कितने पावन,
सुंदर-सुंदर, सजे-संवारे
दीप जले दिवाली के!
दीपों जैसा जीवन कर लें,
उजियारे को मन में भर लें,
भोले-भोले, न्यारे-न्यारे
दीप जले दिवाली के!

## हंसगुल्ले




**मोनूः** यार, मेरे जैसे लंबी हाइट वाले लड़कों के लिए दिवाली काफी थका देने वाली होती है।
**सोनूः** आखिर क्यों?
**मोनूः** क्योंकि जब भी ऊंचाई वाली दीवार को साफ करना होता है या फिर कमरे की छत पर लगा जाला साफ करना होता है। मम्मी झट से मुझे बुला लेती हैं। सारा दिन सफाई करते-करते निकल जाता है।

-सौम्या, रोहतक

**सोहनः** देखो, आज मेरे पास सुतली बम है, पटाखे, फुलझड़ी, अनार, रॉकेट सब कुछ है। तुम्हारे पास क्या है?
**मोहनः** मेरे पास वह है, जो मैं लगा दूं तो सब खत्म समझो।
**सोहनः** ऐसा क्या है तुम्हारे पास?
**मोहनः** माचिस!

-विकास, बिलासपुर

## जीके क्विज-175



1 साल 2025 के लिए साहित्य का नोबेल पुरस्कार किसे मिला है?
2. इस वर्ष शांति का नोबेल पुरस्कार पाने वाली मारिया कोरिना मचाडो किस देश की नागरिक है?
3. दीपावली का पर्व किस हिंदी महीने में मनाया जाता है?
4. विश्व का सबसे गहरा महासागर कौन-सा है?
5. रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थी?
6. मानव शरीर की सबसे छोटी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
7. आर्य समाज की स्थापना किसने की थी?
8. अंतरिक्ष की दूरी मापने के लिए किस इकाई का प्रयोग किया जाता है?
9. एफिल टावर कहां स्थित है?
10. 'गीता रहस्य' नामक पुस्तक किसने लिखी है?

बच्चों, जीके क्विज-175 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे

**जीके क्विज-174 का उत्तर :** 1.अभिषेक शर्मा, 2. बालोद, 3.उत्तराखंड, 4.जीजाबाई, 5. 24 अक्टूबर, 6.गुग्लिल्मो मार्कोनी, 7.विटामिन के, 8.लैक्टिक एसिड, 9.भुवनेश्वर, 10.राजस्थान

**जीके क्विज- 174 का सही उत्तर देने वाले :** निखिल-महासमुंद, अंजलि-दुर्ग, आन्या-दुर्ग, कबीर-हिसार, आशुतोष-रायपुर, कमल-बिलासपुर, राजन-भोपाल, शिखर-बालोद, जतिन-दिल्ली, कुसुम-बेमेतरा, सोहम-कांकेर



कहानी

हरीश कुमार 'अमित'

तीन महीने पहले ही अंशुल के दोस्त सौरभ के पापा का देहांत हुआ था। इसलिए सौरभ बहुत ज्यादा उदासी से घिरा हुआ था। अंशुल ने दिवाली के दिन उसके घर जाकर कुछ ऐसा किया कि सौरभ के चेहरे पर छायी उदासी छंट गई। अंशुल को भी लगा, उसकी यह दिवाली बहुत अलग रही, यादगार बनी।

# अलग तरह की दिवाली



दिवाली का दिन था। वातावरण में त्योहार का उल्लास छाया था। अंशुल भी बहुत खुश था, क्योंकि दिवाली का त्योहार उसे बहुत भाता था। शाम के समय वह मम्मी-पापा के साथ बाजार की रौनक देखकर घर लौटा तो उसने देखा कि पड़ोस में रहने वाले उसके दोस्त सौरभ के घर में न कोई रोशनी और न कोई सजावट की हुई है। घर के अंदर से कोई आवाज भी नहीं आ रही थी। ऐसा लग रहा था, जैसे उस घर में कोई रहता ही न हो। अंशुल को मालूम था, तीन महीने पहले सौरभ के पापा नहीं रहे थे। एक सड़क दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई थी। सौरभ अपनी मम्मी के साथ उस घर में रहता है। अंशुल ने हैरानी से पापा से पूछा, 'पापा, सौरभ के घर में कोई रोशनी क्यों नहीं की गई है? क्या इन्होंने दिवाली नहीं मनानी?'

'बेटा, सौरभ के पापा नहीं रहे न, इसलिए इस बार ये लोग दिवाली नहीं मनाएंगे।' पापा का जवाब सुनकर अंशुल को धक्का-सा लगा। घर के अंदर आकर भी वह सौरभ के बारे में ही सोचता रहा। उसके बारे में सोच-सोच कर उसका मन दुखी होने लगा। उसने अपने मम्मी-पापा से कहा, 'क्यों न हम थोड़ी देर के लिए सौरभ के घर जाएं और साथ में थोड़ी मिठाई, फुलझड़ियां और मोमबत्तियां भी ले जाएं।'

अंशुल की बात सुनकर मम्मी बोलीं, 'इस साल उनको दिवाली नहीं मनानी है, इसलिए न तो वे मोमबत्तियां, फुलझड़ियां जलाएंगे और न ही मिठाई खाएंगे।' यह सुनकर अंशुल सोच में पड़ गया फिर बोला, 'तो ठीक है, मैं ऐसे ही उनके घर चला जाता हूं, थोड़ी देर के लिए।'

अंशुल तुरंत ही सौरभ के घर चला गया और दरवाजे की घंटी बजाई। दरवाजा सौरभ की मम्मी ने खोला। अंशुल ने उनसे सौरभ के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया, 'वह अपने कमरे में है।' अंशुल घर के अंदर जाकर सौरभ के कमरे में गया तो उसने देखा कि वह चुपचाप बिस्तर पर लेटा हुआ है। बहुत उदास दिख रहा था। उसकी आंखें देखकर ऐसा लग रहा था मानो थोड़ी देर पहले रोया है। तभी सौरभ की मम्मी भी वहां आ गईं, अंशुल से बोलीं, 'यह सौरभ तो अपने पापा के बिना बहुत उदास रहता है। आज दिवाली के दिन तो उनको याद करके और भी ज्यादा दुःखी-उदास है। पिछले साल इसके पापा के साथ हम लोगों ने बड़ी धूमधाम से दिवाली मनाई थी, लेकिन क्या पता था कि वह उनकी आखिरी दिवाली है।' मम्मी ने अंशुल को बिस्तर के पास रखी कुर्सी पर बैठने को कहा। वह कुर्सी पर बैठ गया तो मम्मी कमरे से बाहर चली गईं। सौरभ बिस्तर से उठकर बैठ गया, लेकिन वह अब भी बहुत गुमसुम सा था।

अंशुल ने उससे बात करने की कोशिश की। शुरू में तो सौरभ ने बातचीत में कोई रुचि नहीं दिखाई, लेकिन अंशुल ने अपनी कोशिश जारी रखी। धीरे-धीरे सौरभ खुलने लगा और फिर अंशुल से बातचीत करने लगा। अंशुल ने उससे स्कूल, पढ़ाई, दोस्तों आदि के बारे में तरह-तरह की बातें कीं। सौरभ को क्रिकेट का बहुत शौक था। अंशुल ने उससे क्रिकेट के बारे में भी बातें कीं। इस बातचीत से सौरभ का मन हल्का होने लगा। उसके चेहरे पर छाई उदासी मिटने लगी। यह देखकर अंशुल को बहुत अच्छा लग रहा था। तभी मम्मी फलों की चाट बनाकर ले आईं। दोनों के आगे चाट की एक-एक प्लेट रख दी। पहले तो सौरभ ने कहा कि उसका मन नहीं है, वह नहीं खाएगा, लेकिन जब मम्मी और अंशुल ने उसे खाने के लिए बार-बार कहा, तो वह चाट खाने लगा। अंशुल ने भी चाट खाई। धीरे-धीरे सौरभ का मन ठीक होता जा रहा था। अंशुल सौरभ के पास काफी देर तक बैठा रहा। रात के नौ बज गए तो अंशुल अपने घर जाने के लिए उठ खड़ा हुआ। सौरभ का मन अब तक हल्का हो चुका था। वह सामान्य दिख रहा था। वह अंशुल को अपने घर के दरवाजे तक छोड़ने आया। अंशुल अपने घर पहुंचा तो बहुत खुश था। मम्मी-पापा उसके लौटने का इंतजार कर रहे थे। अपने घर में दिवाली मनाते हुए अंशुल को लग रहा था, सौरभ के घर जाकर, उसके साथ कुछ समय बिताकर उसकी उदासी दूर करने की खुशी दिवाली मनाने की खुशी से ज्यादा बड़ी है। इस बार की उसकी दिवाली बहुत अलग तरह की रही। *

कविता

राकेश सोहम



# दिवाली का त्योहार

धूम-धड़ाम से गूंजी बस्ती
दीयों का है उजियारा,
देखो राजू, पिंटू, चीकू
दिवाली का त्योहार आया।
सफाई का साम्राज्य हुआ
घर-घर की हुई सफाई,
लक्ष्मी पूजन हुआ घरों में
सबको बांटी गई मिठाई।
दीप जलाए घर-आंगन में
अंधियारा है शरमाया,
फुलझड़ी पटाखे बम चलाते
सबका मन है हर्षाया।
आज के दिन से सीख सीखना
मन के दीप जलाना,
अंधियारे-सी हर बुराई को
मन से दूर भगाना।

## रंग भरो-187

रंग भरो-187 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





माही, महासमुंद



राजनंदिनी, रायपुर



वासनी, रायपुर



प्रियांशी, धमतरी



आशना, जांजगीर



आन्या, दुर्ग

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, महेंद्र-भोपाल, जितेंद्र-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, इमली-कोरबा

## रंग भरो 188



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में एक बच्चा अपने पापा-मम्मी के साथ दिवाली मना रहा है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।